# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी को जगदलपुर आएंगी

*राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू*



रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी को बस्तर पंडुम संभाग स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जगदलपुर आएंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य सचिव विकास शील ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बस्तर प्रवास के मद्देनजर मंगलवार ▶▶| शेष पेज 8 पर

# कमिश्नरी व्यवस्था लागू करने के तरीके पर पुलिस में नाराजगी, संसाधन कौन देगा, मुख्यालय या सरकार?

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहली बार रायपुर के नगरीय क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने के तौर-तरीके को लेकर अब अंदरखाने से ही नाराजगी की खबरें आ रही है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि कमिश्नरी के गठन के लिए संसाधन कौन देगा। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो पुलिस मुख्यालय ने कह दिया है कि संसाधन पुलिस विभाग ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ये है मामला

रायपुर के नगरीय इलाकों के 21 थाना क्षेत्रों में 23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हो गई है। इसके साथ ही क्षेत्राधिकार का विभाजन भी हो गया है। नगरीय क्षेत्र जो पहले रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यक्षेत्र का हिस्सा था, अब यह हिस्सा कमिश्नर के क्षेत्राधिकार में आ गया है। यहां तक तो सब ठीक है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि कमिश्नरी के गठन के लिए संसाधन कौन देगा। इस मामले को लेकर पुलिस विभाग के एक आदेश के बाद खींचतान बढ़ती दिख रही है।

### अंदर चल रही खींचतान, विभाग मान रहा संसाधन रेंज को दिया जाएगा




#### संसाधन देने से किया इंकार

सूत्रों के अनुसार जब कमिश्नरी के लिए संसाधन देने की बात सामने आई तो पुलिस विभाग ने कमिश्नरी के लिए कोई भी संसाधन देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि विभाग रेंज के लिए संसाधन देता है, कमिश्नरी को संसाधन नहीं दिया जाएगा। यह जिम्मा सरकार का है। इससे साफ होता है कि कमिश्नरी को लेकर पहला विवाद संसाधन को लेकर ही सामने आ रहा है।

### अधिकारों को लेकर भी टकराव

कमिश्नरी प्रणाली को लेकर टकराव की एक अन्य जानकारी के मुताबित आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के बीच अधिकारों को लेकर भी विवाद की स्थिति है। दरअसल पुलिस कमिश्नर को जो दंडाधिकारीय अधिकार दिए गए हैं, वे आईएएस अधिकारी को कलेक्टर के रूप में पूर्व से ही दिए गए थे। इसमें अब कटौती कर कमिश्नर यानी आईपीएस के हिस्से में आए हैं। इस विवाद को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच के रूप में देखा जा रहा है।

### नवा रायपुर को शामिल न करने पर भी विवाद

*कमिश्नरी के गठन की अधिसूचना आने के समय ही साफ हो पाया कि नवा रायपुर क्षेत्र कमिश्नरी के दायरे में नहीं आएगा। इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। क्या कारण है कि नवा रायपुर जैसे राज्य के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को कमिश्नरी से अलग रखकर रायपुर जिले के ग्रामीण हिस्से में शामिल किया गया है। जानकार बताते हैं कि नवा रायपुर को कमिश्नरी से अलग रखने को लेकर सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे है। क्योंकि नवा* ▶▶| शेष पेज 8 पर


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹118715/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹144990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹158270/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### तीन करोड़ की नशीली दवा जब्त, 4 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में पुलिस ने करीब तीन करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि याबा तस्करों को लगा था कि कछार उनके लिए एक सुरक्षित ठिकाना है, लेकिन असम पुलिस ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि उनके लिए खेल खत्म हो गया है।

# 18 साल का वनवास और अब 'महासंगम'
# कारें होंगी सस्ती, चॉकलेट और शराब भी

### 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पर भारत और ईयू ने लगाई मुहर

### इटली, फ्रांस समेत 27 देशों से भारत का बड़ा समझौता

*भारत और यूरोपीय संघ के बीच 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पर मुहर लग गई। 18 साल के बाद दोनों देशों अपने मार्केट एक-दूसरे के लिए खोलने पर सहमत हुए हैं। दोनों के 90 फीसदी तक प्रोडक्ट्स पर टैरिफ कम या समाप्त कर दिया जाएगा। इस कदम से भारत में भी आने वाले यूरोपीय प्रोडक्ट्स सस्ते हो जाएंगे। साथ ही भारत का एक्सपोर्ट यूरोप में बढ़ेगा। देश में निवेश के साथ रोजगार में बढ़ोतरी भी होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए, जिसे 'अबतक का सबसे बड़ा समझौता' बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की। इसके बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा सहयोग और यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही से जुड़े दो महत्वपूर्ण ▶▶| शेष पेज 8 पर

### अब छह महीने का इंतजार

व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से 18 साल लग गए। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा इसकी कानूनी जांच-पड़ताल आवश्यक होगी। यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून 2022 में फिर से बातचीत शुरू की गई।

### कारोबारी के साथ आम आदमी को पहुंचेगा सीधा फायदा




#### वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान : लेयेन

व्यापार समझौते की सराहना करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ की साझेदारी यह सशक्त संदेश देगी कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग है। ये टिप्पणियां यूरोप और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई हैं।

#### कब लागू होंगे नए दाम ?

उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद, नए टैरिफ रेट्स वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत से लागू हो सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय अब इस बात का खाका तैयार करेगा कि किन-किन सेक्टरों में तत्काल भर्ती की जरूरत है ताकि निर्यात की मांग को पूरा किया जा सके।

#### क्या होगा सस्ता

- मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी और वोक्सवैगन कारें
- फ्रांस की वाइन
- इटली का चीज
- बेल्जियम की चॉकलेट

#### कैसा रहेगा?

मध्यम वर्ग के लिए यह खबर किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है, क्योंकि अब अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स तक उनकी पहुंच आसान और सस्ती हो जाएगी। भारतीय व्यापारिक संगठनों ने इसे 'गेम चेंजर' बताया है। उनका मानना है कि इससे भारत में निवेश बढ़ेगा और लाखों नए रोजगार पैदा होंगे।

### भारत का ऐतिहासिक कदमः साय



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व में संपन्न हुई 'मदर ऑफ डील' यानी इंडिया-ईयू ट्रेड डील भारत को एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में वैश्विक पटल पर नए शिखर तक पहुंचाने वाली सिद्ध होगी। यह डील भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन का विश्वसनीय, सशक्त और प्रभावशाली केंद्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह समझौता भारत की आर्थिक विश्वसनीयता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करेगा तथा देश को वैश्विक व्यापार की मुख्यधारा में निर्णायक भूमिका प्रदान करेगा। यह ऐतिहासिक समझौता केवल व्यापारिक करार भर नहीं है, बल्कि यह भारत के करोड़ों युवाओं के सपनों को पंख देने वाला अवसर है।*

## अमित शाह 7 को आएंगे, 8 को रायपुर में बैठक के बाद जाएंगे बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं। अगले माह सात फरवरी की रात को वे रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रायपुर में नक्सलवाद की समीक्षा करने के बाद बस्तर जाएंगे और वहां पर पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे। पिछले पंडुम महोत्सव में भी वे आए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने ही 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है। उनके ऐलान के बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहा है और अब नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। डेडलाइन के लिए अब दो माह का ▶▶| शेष पेज 8 पर

### रायपुर में सुबह होगी बैठक

अमित शाह सात फरवरी की रात को यहां पहुंचेंगे। दूसरे दिन सबसे पहले सुबह वे यहां पर नक्सलवाद को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ नक्सल मोर्चे से जुड़े सारे अधिकारी रहेंगे। बैठक में अब तक क्या-क्या हुआ है और आगे की क्या रणनीति है इसको लेकर चर्चा होगी। इसके बाद ▶▶| शेष पेज 8 पर






### सगे भाई-बहन ने जहर खाकर दे दी जान

**बांदा।** यूपी के बांदा जिले में भाई-बहन ने कथित तौर पर पारिवारिक कलह के कारण एक नदी किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। खेत में काम कर रहे किसानों ने नरैनी कोतवाली क्षेत्र में बरछा पुल से करीब 100 मीटर दूर बागै नदी के किनारे एक युवक और एक युवती को सोमवार शाम अचेत अवस्था में देखा। पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गयी, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डंपर-कार की टक्कर महिला समेत दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** यूपी में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद के इटावा-बरेली राजमार्ग पर एक डंपर ने कार को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय सुनील कुशवाह निवासी भिंड, मध्य प्रदेश तथा उनकी मौसी 35 वर्षीय कांति कुशवाह निवासी ग्वालियर के रूप में हुई है। सभी लोग कार से कैंची धाम दर्शन कर वापस लौट रहे थे।

### बस हादसे में जवान समेत चार की गई जान

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बस ने खड़े मालवाहक वाहन और एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जखानी-चेनानी इलाके के पास सुबह करीब 11 बजे हुई। बस डोडा से जम्मू जा रही थी, उसी दौरान चालक उस पर से नियंत्रण खो बैठा।


## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

भारत सरकार से 78000/- एवं राज्य सरकार से 30000/- तक की डबल सब्सिडी का फायदा

एक बार का खर्च **जिंदगी भर** बिजली बिल में बचत

सभी ब्रांडेड सोलर उत्पाद एक ही छत के नीचे, सबसे कम दाम में

| सोलर पैनल की क्षमता | इनवर्टर की क्षमता | Panasonic | TATA POWER SOLAROOF | WAAREE One with the Sun | adani Solar | सब्सिडी घटाये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3.2 - 3.5 kW | 3 - 3.3 kW | ₹2,00,000 | ₹2,00,000 | ₹1,80,000 | ₹1,80,000 | ₹1.08 लाख |
| 5.2 - 5.4 kW | 5 kW | ₹3,00,000 | ₹3,00,000 | ₹2,75,000 | ₹2,75,000 | ₹1.08 लाख |
| 10.2 - 11 kW | 10 kW/3Ph. | ₹5,38,000 | ₹5,38,000 | ₹5,08,000 | ₹5,08,000 | ₹1.08 लाख |

पहली 100 बुकिंग पर ₹10,000 तक की इंस्टेंट छूट !

साइट सर्वे कराने एवं कोटेशन हेतु QR scan कर HELLO लिखें

*नियम व शर्तें लागू

ग्राहक हेतु: 9109983355 एवं व्यावसायिक हेतु: 9300565162

भारत की No.1 सोलर पैनल निर्माता कंपनी WAAREE One with the Sun

और सबसे आधुनिक तकनीक वाले

TSUN MORE SAFETY MORE POWER ग्रिड-टाई माइक्रो इनवर्टर का Combo Offer

**2.16kwp सौर संयंत्र क्षमता**

अब ~~₹1,80,000~~ नही

सिर्फ ₹1,23,000 में

साथ में केन्द्र/राज्य सरकार की ₹92,880 की सब्सिडी भी

- कीमत इंस्टालेशन + सभी टैक्स के साथ
- सब्सिडी उपरांत लागत ₹30,120
- ₹500-1500 के मासिक बिल वालों के लिए उपयुक्त

**3.24kwp सौर संयंत्र क्षमता**

अब ~~₹2,00,000~~ नही

सिर्फ ₹1,65,000 में

साथ में केन्द्र/राज्य सरकार की ₹1,08,000 की सब्सिडी भी

- कीमत इंस्टालेशन + सभी टैक्स के साथ
- सब्सिडी उपरांत लागत ₹ 57,000
- ₹1500-2500 के मासिक बिल वालों के लिए उपयुक्त

*नियम व शर्तें लागू

माइक्रो इनवर्टर हर पैनल से अलग-अलग MPPT से अधिकतम जनरेशन तो देता ही है बल्कि हर पैनल की परफॉर्मेंस ट्रैकिंग भी करता है..

Deepak Advertisers

BILASPUR: Sudha Sales; CHAMPA: KBR Electricals; KHARSIA: Rani Sati Sales; KORBA: Singh Electrical; KATGHORA: Aman Sales; PALI: Sigma TV Centre; SAKTI: Nirmala Jewellers; RAIGARH: Surabhi Electricals; SARANGARH: Bondiya Electronics & Electricals; AMBIKAPUR: Jindal Enterprises; Monoj Electronics; BAIKUNTHPUR: Ajay Electricals; BALRAMPUR: Soni Electricals; BISHRAMPUR: Avinash Mobile & Electronics; CHIRMIRI: Shri Vidyashri; MANENDRAGARH: Bhagwati Enterprises; MUNGELI: Hanu Electricals; PRATAPPUR: Deepanshu Electronics;

87708 67724 QR scan कर HELLO लिखें


KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA
Future Engineers Don't Stand in Last-minute Queues.
LEARN TODAY LEAD TOMORROW
PHASE 1 REGISTRATIONS
For Session 2026-2027
Closing on 31st January 2026
ONLY 3 DAYS LEFT!
M.TECH
Civil | Computer Science
Electrical | Mechanical
B.TECH
Civil | Computer Science
Electrical | Mechanical
DIPLOMA
Civil | Computer Science
Electrical | Mechanical | Mining
DIPLOMA FOR WORKING PROFESSIONALS*
Civil | Computer Science
Electrical | Mechanical | Mining
* Candidate should have cleared class 12th in the PCM Stream.
* The candidate should have a minimum of 2 years of working experience.
* The candidate's Residence or Workplace should be within a radius of 75 km from the University Campus.
Benefits you can avail when you apply early:
Priority program selection
Access to exclusive scholarship opportunities
Preferred hostel room allotment
One-to-one career counselling and course guidance
Guidance on the latest education policy and curriculum structure
Early campus tour and orientation
Access to bridge courses
Access to Centres of Excellence (CoE) & New-Age Programs information
Avoid last-minute hassle
Additional scholarship based on your KALSEE entrance exam result
OUR PROGRAMS
PHARMACY
D.Pharmacy
B.Pharmacy
M.Pharmacy
Pharm.D
LAW
LLM | LLB
BA LLB | BBA LLB
EDUCATION
B.P.Ed | B.Ed
MA.Ed. | MA.(P.Ed)
ARTS & HUMANITIES
BA | BA (J & MC) | BSW
BA (Lib. Arts) | MA | MSW
MA (J & MC)
DESIGN
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design
COMMERCE
B.Com.
B.Com. Hons.
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
M.Com.
M.Com.
(Banking & Finance)
RESEARCH
Ph.D.
LIBRARY SCIENCE
B.Lib.
M.Lib.
SCIENCE
B.Sc.
M.Sc.
YOGA
Diploma
B.Sc.
PG Diploma
M.Sc.
INFORMATION TECHNOLOGY
DCA | PGDCA
MCA
MANAGEMENT
BBA
MBA
NEW-AGE PROGRAMS
BBA (With FINTECH as a specialisation)
BCA in AI & ML
B.CS & M.CS in AI & ML and Cybersecurity
B.Sc. & M.Sc. in Forensic Science
BA & MA in Film Making In collaboration with NIIRA EDUCOM
B.Tech CS in AI & ML In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
Master of Data Science
Bachelor & Master of Animation & VFX
+91-9907252100
Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai
SCAN THE QR CODE
To Register for our Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

बिलासपुर
बुधवार 28 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 306
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 13.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम इंडिया के ...

विचार पेज
2 वैश्विक चुनौतियों से निपटने...




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## बजट सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में विपक्ष की चर्चा की मांग सरकार ने ठुकराई

# सत्र से पहले तकरार, न जीबी जी राम जी पर चर्चा होगी और न एसआईआर का जिक्र



*बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में 39 दलों से 51 नेताओं ने हिस्सा लिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में ये बैठक हुई। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण और गुरुवार को आर्थिक सर्वे पेश होगा। 1 फरवरी को आम बजट पेश होगा। इधर, सरकार ने बजट सत्र में जीबी जी-राम-जी कानून और एसआईआर पर चर्चा की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की विपक्ष की मांग को मंगलवार को अस्वीकार कर दिया और कहा कि दोनों विषय पर पहले चर्चा हो चुकी है तथा अब हम रिवर्स गियर में नहीं जा सकते। बजट सत्र से एक दिन पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने इन दोनों विषयों पर चर्चा की मांग उठाई। बैठक के दौरान, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और माकपा सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी सदस्यों ने सत्र ▶▶|शेष पेज 8 पर

### खास बातें

- बैठक में 39 दलों से 51 नेताओं ने लिया हिस्सा
- आज अभिभाषण, कल आर्थिक सर्वे, 1 फरवरी को आम बजट



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पारंपरिक हलवा समारोह में भाग लिया।

### हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित रहे- किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के दौरान हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित रहे, नियम यही कहता है। संसदीय प्रणाली में पहले ही से यही प्रथा रही है। संसद के संयुक्त सत्र के दौरान राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा और फिर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद हम बजट पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आगे कहा ▶▶|शेष पेज 8 पर

### बनेगा रिकॉर्ड

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा विभिन्न समय अवधियों में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। लगातार सबसे अधिक बजट पेश करने का रिकॉर्ड सीतारमण के नाम ही रहेगा।
- 30 जनवरी को आर्थिक सर्वे पेश किया जाएगा, जिसके बाद 1 फरवरी को सुबह 11 बजे वित्त मंत्री अपना बजट भाषण देंगी। इस बार बजट रविवार को पेश होना एक विशेष घटना है। बजट सेशन दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी नीतियों पर चर्चा होगी।

### ट्रंप टैरिफ, मनरेगा पर मचेगा घमासान

कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने कहा कि बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में मनरेगा, मोदी सरकार की विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण और जनहित के कई अन्य विषयों को उठाया जाएगा। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, विपक्ष विदेश नीति का विषय भी उठाएगा। हमारी विदेश नीति कहां पहुंच गई? कोई हमारे साथ खड़ा नहीं है। हमें यह भी नहीं पता चल रहा कि किसके साथ चलें, कौन हमारे साथ चलेगा।" उनका कहना था कि सरकार की आर्थिक नीति की बात करें तो रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। तिवारी ने कहा, अमेरिका की ओर से लगातार टैरिफ जारी है और रूसी तेल (की खरीद) का मुद्दा भी है। दिल्ली और दूसरी जगहों पर हमने वायु प्रदूषण का जो सबसे भयानक रूप देखा है, उसे देखते हुए हम यह मुद्दा भी उठाएंगे... हम इंदौर में दूषित पानी से होने वाली मौतों का मुद्दा भी उठाएंगे।

## 23.48 लाख किसानों से धान खरीदी 29597 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य में धान खरीदी सुचारू, तेज़ और पारदर्शी ढंग से जारी है। अब तक प्रदेश के 23.48 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचकर इस व्यवस्था का प्रत्यक्ष लाभ लिया है। सरकार द्वारा अपनाई गई डिजिटल और समयबद्ध प्रणाली के चलते किसानों में उत्साह है और खरीदी केंद्रों पर व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। धान खरीदी के एवज में अब तक किसानों को कुल 29,597 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। यह भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज का पूरा और न्यायसंगत मूल्य मिल रहा है। इतनी बड़ी राशि का सीधा हस्तांतरण राज्य की मजबूत वित्तीय प्रबंधन क्षमता और किसान हितैषी नीतियों को दर्शाता है। भुगतान ▶▶|शेष पेज 8 पर

खास खबर

### किसानों में खासा उत्साह



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई डिजिटल और समयबद्ध प्रणाली से किसानों में खासा उत्साह दिख रहा है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। किसानों को समय पर भुगतान हो रहा है। त्वरित भुगतान से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और वे आगामी कृषि गतिविधियों की योजना सहजता से बना पा रहे हैं। आगामी तीन दिनों में 1.5 लाख किसान धान बेचने सोसायटी में पहुंचने वाले हैं। इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला से दो करोड़ का मादक पदार्थ बरामद



**कोच्चि।** कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा दलों ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया और एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। सोमवार शाम करीब छह बजे अन्तरराज्यीय टर्मिनल पर सतर्क जांचकर्ताओं ने टोगो की एक महिला के सूटकेस में कुछ गड़बड़ी देखी। वह दोहा से आयी थी और एअर इंडिया की उड़ान से दिल्ली जाने की योजना बनी रही थी। जब अधिकारी उसके बैग को जांच के लिए एक अलग क्षेत्र में ले गए तो उन्होंने सूटकेस की 'लाइनिंग' के नीचे छिपी एक गुप्त जगह देखी। इस छिपी हुई जगह के अंदर मेथक्वालोन नामक प्रतिबंधित दवा के दो पैकेट रखे हुए थे।

### मालगाड़ी की दो बोगियां पटरी से उतरीं



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले में एक मालगाड़ी की, सामान लदी हुई दो बोगियां पटरी से उतर गईं। यह घटना सोमवार रात करीब 11:35 बजे हुई। घटना के दौरान मालगाड़ी जगदलपुर से विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) के लिए रवाना हो रही थी। इस घटना से यात्री ट्रेनों की आवाजाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। साथ ही, किसी के भी हताहत होने की सूचना नही है। घटना के बाद पटरी की मरम्मत और बहाली का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।

### रद्दी कागज पर परोसा गया मध्याह्न भोजन



**मैहर।** मप्र के मैहर जिले के एक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों को रद्दी कागज और किताब के पन्नों पर मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) परोसा गया, जिसके बाद प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए। मामला जिले के भटिगंवा स्थित शासकीय उच्च विद्यालय का है, जहां गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों को विशेष मध्याह्न भोजन के नाम पर थाली या पत्तल नहीं बल्कि रद्दी कॉपी और किताबों के फटे पन्नों पर हलवा और पूड़ी परोसी गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में दिख रहा है कि बच्चों के सामने पुरानी कॉपियों और किताबों के पन्ने फाड़कर बिछाए गए हैं। इन्हीं पर उन्हें हलवा और पूड़ी परोसी गई है तथा बच्चे उसी कागज पर खाना खा रहे हैं।

## आंदोलनकारी बोले-हड़ताल पर रहीं दो महिलाओं की मौत, विभाग ने कहा-झूठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा- घर में तबीयत बिगड़ने और बीमारी से हुई मौत

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील बनाने वाली रसोइया अपनी मजदूरी 66 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करने की मांग को लेकर नया रायपुर के तूता में 30 दिनों से हड़ताल पर हैं। आंदोलनकारियों ने इस दौरान दो महिला रसोइया की मौत होने की जानकारी दी, जिसे शासन ने गलत और भ्रामक बताया है।

गौरतलब है, रसोइयों का प्रदर्शन 30 दिनों से जारी है। रसोइया संघ अध्यक्ष रामराज्य कश्यप ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। रसोइया संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इस आंदोलन के दौरान दो रसोइया की मौत हो गई है। इनमें बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के सलधा गांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ दुलारी यादव विगत 29 दिसंबर से धरनास्थल पर बैठी थीं, 25 जनवरी को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी ▶▶|शेष पेज 8 पर

### रसोइया संघ का दावा भ्रामक और तथ्यहीन

लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि यह जानकारी पूर्णतः भ्रामक एवं तथ्यहीन है। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार हड़ताल पर बैठे रसोईयों के प्रतिनिधियों की संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय एवं सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से चर्चा हुई थी। इस दौरान शासन द्वारा रसोईयों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके मानदेय में 25 प्रतिशत की वृद्धि, अर्थात 500 रुपए की वृद्धि किए जाने की कार्यवाही की जानकारी दी गई थी तथा हड़ताल समाप्त कर अपने-अपने निवास स्थान लौटने का आग्रह किया गया था। इसके बावजूद कुछ रसोईयों द्वारा धरना स्थल पर बने रहने का निर्णय लिया गया। जिन दो रसोईयों की मृत्यु होने की बात कही जा रही है, उनमें से एक रसोइया बालोद जिले की थीं, जो 20 एवं 21 जनवरी को धरनास्थल पर उपस्थित रही थी, किंतु बाद में अपने निवास स्थान लौट गई थी। वहां उसकी तबीयत खराब होने पर उसे दल्ली राजहरा स्थित शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दूसरी महिला रसोइया बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड की निवासी थी, जो पहले से ही गंभीर बीमारी से ▶▶|शेष पेज 8 पर

संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

## दर्जी बनकर गुजरात में छिपा था जैश से जुड़ा फैजान

**अहमदाबाद।** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने उत्तर प्रदेश में कुछ लोगों की हत्या की आतंकी साजिश को विफल करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद की कट्टरपंथी विचाराधारा से कथित रूप से प्रेरित होकर 'अकेले' काम करता था। 19 वर्षीय फैजान यूपी के रामपुर का रहने वाला है और नवसारी में दर्जी बनकर रह रहा था। उसके पास से अवैध हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि वह ऑनलाइन कट्टरपंथ का शिकार होकर आतंकी संगठनों के लिए टारगेटेड हमले की योजना बना रहा था। कोर्ट ने उसे 12 दिन की रिमांड पर भेजा है। एटीएस डीआईजी ने कहा, जैश-ए-मोहम्मद और अल कायदा जैसे आतंकी संगठनों की विचारधाराओं से प्रभावित होकर, शेख ने आतंक एवं भय फैलाने के उद्देश्य से कुछ लोगों की हत्या करने के लिए अवैध रूप से एक पिस्तौल और गोला-बारूद जुटाया था।

### अकेले करता था काम

एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने पत्रकारों को बताया, वह अकेले ही काम करता था। जब भी उसे कोई पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करता हुआ मिलता, तो वह अपने समूह के लोगों के साथ मिलकर उस व्यक्ति की हत्या की साजिश रचता था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शेख और वांछित आरोपी मोहम्मद अबू बकर ने एक विशिष्ट समुदाय में आतंक फैलाने की योजना बनाई थी। इस साजिश में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत संघ से अलग करने के लिए लोगों को सशस्त्र विद्रोह और जिहाद के लिए उकसाना था।

## अरिजीत का प्लेबैक सिंगिंग को अलविदा



**नई दिल्ली।** 'अच्छा चलता हूं दुआओं में याद रखना', 'फिर मोहब्बत करने चला है तू' और 'खैरियत पूछो कभी तो' जैसे आइकॉनिक गाने गा चुके प्लेबैक गायक अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट अनाउंस कर दिया है। अरिजीत की वो मीठी सुरीली आवाज अब आपको प्लेबैक गानों में सुनाई नहीं पडेग़ी। अरिजीत सिंह ने अपने रिटायरमेंट की खबर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस को दी। सिंगर ने अपनी पोस्ट में लिखा, हैलो, आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। इतने सालों तक मेरे गाने सुनकर मुझे इतना प्यार देने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं प्लेबैक वोकलिस्ट के तौर पर कोई नया असाइनमेंट नहीं लूंगा।

अरिजीत सिंह ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं इस पेशे को अलविदा कह रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा। अरिजीत सिंह की यह पोस्ट मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और कमेंट सेक्शन में ढेरों म्यूजिशियन्स और फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं देते नजर आए। बिग बॉस सीजन 19 का हिस्सा रहे सिंगर अमाल मलिक ने कमेंट किया, यह सुनकर मैं बहुत शॉक्ड हूं। यह फैसला मेरी समझ के परे है लेकिन मैं आपके फैसले के सम्मान करता हूं। बस यह जान लेना कि मैं हमेशा एक अरिजीत फैन था, हूं और रहूंगा।

### अरिजीत का सफर और आइकॉनिक गाने

बता दें कि अरिजीत सिंह को रियलिटी टीवी शो फेम गुरुकुल से पहली बार फेम मिला था। इस शो में वह 6वें स्थान पर रहे थे। उनका पहला फिल्मी गाना 'मर्डर 2' (2011) का 'फिर मोहब्बत' था, जिसे उन्होंने 2009 में ही रिकॉर्ड कर लिया था। अरिजीत के आइकॉनिक गानों में 'तुम ही हो', 'चाहूं मैं या ना', 'तुझे कितना चाहने लगे हम', 'केसरिया', 'चन्ना मेरेया', 'फिर ले आया दिल', 'हवाएं' और 'खैरियत' शुमार हैं।

## करेंगुट्टा हिल्स में 6 सीरियल ब्लास्ट में एसआई समेत 10 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- घायलों का दिल्ली व रायपुर में उपचार जारी, सभी खतरे से बाहर

बीजापुर जिले के करेंगुट्टा हिल्स क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा किए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से डी आर जी के 9 व कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए दिल्ली व रायपुर रेफर किया गया है। यह हादसा तब हुआ जब संयुक्त टीम नक्सल ▶▶|शेष पेज 8 पर



### 6 ब्लास्ट में हुए सभी जवानों की स्थिति खतरे से बाहर

उसूर थाना क्षेत्र स्थित केजी हिल्स क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर व कोबरा की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा प्लांट किए छह आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी के 9 व कोबरा का एक जवान आरक्षक बोमके घायल हुए है। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजा गया है और सभी जवानों की खतरे से बाहर है।

- सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर

### स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणों ने निकाली प्रभात फेरी, लगाये वंदे मातरम एवं जय हिंद के नारे

## कभी नक्सलियों का गढ़ रहा करेंगुट्टा हिल्स में लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अप्रैल 2025 में 24 दिन चले ऑपरेशन में जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था

नक्सलियों के सबसे सेफ माने जाने वाले करेंगुट्टा हिल्स में पहली बार जवानों के साथ स्कूली बच्चे, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने ध्वज फहराया। इससे पूर्व स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकालकर वंदे मातरम एवं जय हिंद के नारे लगाए। अप्रैल 2025 में सबसे लबां ऑपरेशन चलाया गया था। सुरक्षाबलों 24 दिन चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया गया था।



जिनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल थे। इसके अलावा बस्तर रेंज के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिलों के 41 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर माओवादियों के कोर एरिया करेंगुट्टा हिल्स की 5 हजार फीट की उंचाई में स्थापित सुरक्षा कैम्प में जवानों ने शान से तिरंगा लहराया और लोकतंत्र की वापसी का उत्सव मनाया। बीजापुर जिले के नवीन सुरक्षा कैम्पों में सुरक्षा बल, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों एवं स्कूली ▶▶|शेष पेज 8 पर

### 15 अगस्त 2025 के बाद 31 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना

आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की समन्वित रणनीति, सुरक्षाबलों की निरंतर एवं प्रभावी कार्रवाई तथा स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से जिले के हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 15 अगस्त 2025 के बाद 31 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है जिससे इन दुर्गम गांवों में सुरक्षा एवं प्रशासन की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप इस वर्ष 31 नए ऐसे गांव जुड़े जहां ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

### बस्तर रेंज के 41 पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा



गणतंत्र दिवस के अवसर पर बस्तर रेंज के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिलों के 41 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। ये वे क्षेत्र हैं जो दशकों तक वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहे हैं। गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग और देशभक्ति के साथ मनाया गया। हाल के महीनों में स्थापित सुरक्षा शिविरों ने जनविश्वास की पुनर्स्थापना, शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ▶▶|शेष पेज 8 पर

## चिंतन

# वैश्विक व्यापार राजनीति में भारत की बड़ी आर्थिक जीत

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का संपन्न होना भारत की आर्थिक कूटनीति की बड़ी सफलता है। यह समझौता करीब 18 वर्षों की लंबी, जटिल और कई बार की ठहरी हुई बातचीत के बाद हुआ है। यह केवल आयात-निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद, दीर्घकालिक साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था अस्थिरता, टैरिफ युद्ध और संरक्षणवादी नीतियों से जूझ रही है। अमेरिका सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लगाए जा रहे शुल्कों के बीच भारत और ईयू का यह करार खुले, नियम-आधारित और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार का मजबूत संदेश देता है। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। दोनों मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 25 प्रतिशत, विश्व व्यापार का एक-तिहाई और दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में यह एफटीए स्वाभाविक रूप से दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में गिना जा रहा है। इससे भारत के श्रम-प्रधान और निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कपड़ा, चमड़ा, जूते, ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में लगने वाली ड्यूटी कम या समाप्त होने से भारतीय उत्पाद यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा, औद्योगिक उत्पादन को गति मिलेगी और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही, आईटी और सेवा क्षेत्र को भी यूरोप में बेहतर बाजार पहुंच मिलने से भारत की सेवा अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। इससे 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को ठोस आधार मिलेगा और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरेगा। इसका गहरा रणनीतिक और भू-राजनीतिक महत्व भी है। यूरोपीय संघ को भारत जैसा विशाल, युवा और तेजी से बढ़ता बाजार चाहिए, वहीं भारत को एक नियम-आधारित, तकनीकी रूप से उन्नत और राजनीतिक रूप से स्थिर साझेदार की आवश्यकता है। भारत ने डेयरी, अनाज, कृषि, फार्मिंग और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों को इससे बाहर रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा भी की है। वहीं, ईयू की लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत और प्रीमियम शराब पर 150 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, हालांकि इससे घरेलू उद्योगों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। इस एफटीए के 2027 में लागू होने की संभावना है, लेकिन असली चुनौती इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन की होगी। गैर-शुल्क बाधाएं, यूरोपीय मानकों की कठोरता और छोटे व मध्यम उद्योगों की सीमित क्षमता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समझौते का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप्स और श्रमिक वर्ग भी इससे समान रूप से लाभान्वित हों। यदि इसे दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह निस्संदेह भारत की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।



भारत-ईयू एफटीए
विवेक शुक्ला

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद

> भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जिसे दोनों पक्षों ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (सबसे बड़ी डील) के रूप में वर्णित किया है। यह समझौता लगभग 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गहरे बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद कहना अधिक तर्कसंगत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया है, जो आर्थिक समृद्धि, निवेश और साझेदारी की नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों ने ज्यादातर वस्तुओं पर शुल्कों को कम या समाप्त करने का निर्णय लिया है, लगभग 96.6% उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। भारतीय बाजार में यूरोपीय कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 10% तक लाया जाएगा।

शराब पर शुल्क में भारी कटौती होगी, जिससे ये वस्तुएं भारत में सस्ती होंगी। भारत को अपनी टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, रसायन और इंजीनियरिंग सामान को यूरोपीय बाजार में अधिक आसानी से निर्यात करने का मौका मिलेगा। इस समझौते में केवल व्यापारिक पहलू ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी को भी स्थान दिया गया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा तकनीक सहयोग शामिल हैं। इससे यूरोपीय कंपनियों को भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रत्यक्ष और आसान पहुंच। वाहन, मशीनरी, वाइन और मोटर गाड़ियों जैसे उत्पादों को भारतीय बाजार में विस्तृत अवसर मिलेगा। यूरोप को वैश्विक व्यापार में भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लाभ। यह समझौता वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा, खासकर तब, जब अमेरिका और चीन जैसे बड़े आर्थिक संरचनाएं भी वैश्विक व्यापार नियमों और साझेदारियों में बदलाव ला रहे हैं। विशेष रूप से, अमेरिका द्वारा टैरिफ में वृद्धि और व्यापारिक दबाव के बीच, यह भारत और यूरोप के लिए एक विकल्प और समाधान के रूप में उभर रहा है। इससे विश्वव्यापी व्यापारिक जोखिमों से निपटने में मदद मिलेगी। यद्यपि समझौता आज घोषित हुआ है, इसे लागू होने के लिए अभी कुछ क़ानूनी प्रक्रियाएं और संसद/सम्मेलन की मंजूरी लेनी होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर अभी भी बहस जारी रहने की संभावनाएं हैं। विभिन्न उद्योगों को अनुकूल बनाने के लिए समय और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी। यह समझौता केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच गहरे, रणनीतिक, आर्थिक और साझेदारी के नए अध्याय का उद्घाटन है। यह न केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता, निवेश, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय व्यापार ढांचे को भी मजबूती देगा। भविष्य में, इसके लाभ भारतीय उद्योगों, उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत को वैश्विक व्यापार का एक मजबूत



नेतृत्वकर्ता देश बनने का अवसर मिलेगा। यह समझौता केवल व्यापारिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, रणनीतिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के नए आयामों को भी परिभाषित करता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, भारत-यूरोप समझौता स्थिरता, विकास और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग का इतिहास कई दशकों पुराना है। यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार रहा है। हालांकि, व्यापक स्तर पर एक औपचारिक और संतुलित समझौते को अंतिम रूप देने में काफी समय लगा। इसके पीछे दोनों पक्षों के अपने-अपने आर्थिक हित, नीतिगत प्राथमिकताएं और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यह समझौता लंबी बातचीत, आपसी विश्वास और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप सोच का परिणाम है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार को सरल, पारदर्शी और अधिक लाभकारी बनाना है। इसके अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना, तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है। साथ ही, यह समझौता दोनों क्षेत्रों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक-दूसरे का भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अंतर्गत दोनों पक्षों ने कई उत्पादों पर आयात-निर्यात शुल्क कम करने या समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, कृषि-आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान को इसका लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों के उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पाद, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भारतीय बाजार में अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। यह समझौता केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवाक्षेत्र को भी समान महत्व देता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेशेवर सेवाओं में सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय आईटी और सेवा कंपनियों को यूरोप में नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि यूरोपीय निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र में निवेश का आकर्षक वातावरण मिलेगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने पर भी बल दिया गया है। इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है।

सबसे पहले, निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी। दूसरा, घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार होगा। तीसरा, नए निवेश और परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि यह समझौता अनेक अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कुछ क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रारंभिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



यूजीसी बिल
डॉ. घनश्याम बादल

# सामाजिक न्याय या संवैधानिक असंतुलन


हाल में लागू किए गए यूजीसी के नए इक्विटी और शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों ने विश्वविद्यालय परिसरों से निकलकर सड़कों, दफ्तरों और सामाजिक चेतना तक को झकझोर दिया है। एक ओर दलित और पिछड़े वर्ग इन नियमों को लंबे समय से चली आ रही संस्थागत उपेक्षा के विरुद्ध सुरक्षा-कवच मान रहे हैं, तो दूसरी ओर सवर्ण समाज का एक बड़ा हिस्सा इन्हें समानता के सिद्धांत के विरुद्ध और "उल्टे भेदभाव" की ओर ले जाने वाला मान रहा है। इस टकराव ने तब और तीखा रूप ले लिया, जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा सार्वजनिक असहमति और इस्तीफे और बाद में शासन द्वारा उन्हें निलंबित करके उनकी आवाज को दबाने के प्रयास ने इसे राष्ट्रीय बहस का रूप दे दिया। हालांकि, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या एक सरकार के अधीन कार्य कर रहे उच्च अधिकारी को सरकार की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना चाहिए? नियम अनुसार तो यह सरकारी कर्मचारियों के कोड ऑफ कंडक्ट के विरुद्ध ही जाता है और उन्हें निलंबित करने के पीछे सरकार की मंशा भी साफ है कि वह ऐसी हर आवाज को दबा देना चाहती है जो उसके अपने ही अधिकारी द्वारा उठाई जाए। यह विवाद केवल यूजीसी के किसी एक नियम का नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक संतुलन का है, जिस पर भारत की सामाजिक संरचना टिकी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव, बहिष्कार, सूक्ष्म अपमान और अवसरों की असमानता आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। छात्रावास, शोध निर्देशन, मूल्यांकन और यहां तक कि अनौपचारिक अकादमिक नेटवर्क हर जगह असमान शक्ति-संतुलन मौजूद है।

इस पृष्ठभूमि में इक्विटी सेल, विशेष शिकायत समितियां और संरक्षित प्रक्रिया दलित-पिछड़े वर्गों को राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतीत होती हैं। संविधान का अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए विशेष प्रावधान करे। इस वर्ग का तर्क है कि समानता तब तक खोखली है, जब तक असमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को बराबर करने के लिए अतिरिक्त सहारा न दिया जाए। उनके लिए यह बहस "समान अवसर" बनाम "विशेष अवसर" की नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की है। वहीं इस संदर्भ में सवर्ण समाज की चिंता को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस यूजीसी बिल के आने से उसके मन में आशंका और असुरक्षा की भावना घर कर रही लगती है, लेकिन इस बहस का दूसरा पक्ष भी उतना ही वास्तविक है। सवर्ण समाज का एक बड़ा तबका मानता है कि नए यूजीसी नियमों में शिकायत तंत्र की संरचना ऐसी है, जिसमें पूर्वाग्रह की आशंका निहित है। अस्पष्ट परिभाषाएं, एकतरफा प्रतिनिधित्व और प्रारंभिक जांच के बिना कार्रवाई की संभावना, ये सभी घटक भय का वातावरण पैदा करते हैं। अब यहां जानना होगा कि आखिर इस प्रतिवाद के पीछे असली प्रश्न क्या है? न्याय या असंतुलन? इस पूरे विवाद का प्रश्न यह नहीं है कि सामाजिक न्याय चाहिए या नहीं, इस पर लगभग सर्वसम्मति है। असली प्रश्न यह है कि सामाजिक न्याय को लागू करते समय संवैधानिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। यह बात हम सबको ध्यान में रखनी होगी कि संविधान न तो प्रतिशोध का दस्तावेज़ है और न ही किसी वर्ग विशेष की स्थायी ढाल। वह सुधारात्मक न्याय की अनुमति तो देता है, लेकिन बदले में नैसर्गिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और समान गरिमा की भी मांग करता है। यह भी जानना श्रेयस्कर होगा कि इस संघर्ष और ऊहापोह के बीच आगे का रास्ता क्या हो। यूजीसी और सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है, इसलिए आवश्यक है कि शिकायत तंत्र सभी वर्गों के लिए समान रूप से सुलभ और संतुलित हो।

प्रारंभिक जांच, समयबद्ध प्रक्रिया और अपील की स्पष्ट व्यवस्था हो, अकादमिक स्वतंत्रता और वैचारिक बहस को संरक्षित किया जाए, तथा राज्यों, शिक्षकों और छात्रों से व्यापक परामर्श हो। दूसरी कड़वी सच्चाई यह भी है कि राजनीति लगभग हर क्षेत्र में अपना हित ढूंढने लगती हैं। यूजीसी के नए नियमों पर छिड़ी बहस रेखांकित करती है कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है, जो संतुलन, विवेक और संवाद से चलता है। सवर्ण, दलित और पिछड़े तीनों की चिंताएं वास्तविक हैं और तीनों की उपेक्षा लोकतंत्र को कमजोर करेगी। आवश्यकता है कि नीति भावना नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक से चलें, क्योंकि अंततः विश्वविद्यालय किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### गणतंत्र के 77 वर्ष

भारत का गणतंत्र 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नए भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की– साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान–प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक–सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक–एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया।

*– दीपक वर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सीखने के अवसर



किसी भी शोध संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके लोग होते हैं। आपके वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन ही आपकी वास्तविक शक्ति हैं। उन्हें सीखने के अवसर देने होंगे, नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपनी होगी और उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके विचारों को सुना जाएगा।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मुक्त व्यापार समझौता



आज भारत ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति



सिर्फ़ राष्ट्रपति भवन में ही नहीं, जब राहुल गांधी असम आए, तब भी उन्होंने गमोछा पहनने से इनकार किया। गांधी परिवार के लिए असम और पूर्वी उत्तर भारत की संस्कृति कोई मायने नहीं रखती।

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### स्वास्थ्य सर्वोपरि




प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुरक्षा सर्वोपरि है। अक्सर बच्चे तनाव और अवसाद के साथ-साथ ऑटिज़्म जैसी स्थितियों से भी जूझ रहे होते हैं, जिसे सामान्यतः माता-पिता और शिक्षक भी समय पर पहचान नहीं पाते।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारत सहित 8 विदेशी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता

सिंगापुर में डॉक्टर बनने के इच्छुक छात्र अब भारत के 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन' सहित आठ और विदेशी संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। सिंगापुर ने उम्रदराज होती आबादी के कारण डॉक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर चिकित्सा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि नयी मंजूरी प्राप्त ये संस्थान सिंगापुर को उम्रदराज़ होती जनसंख्या के बीच डॉक्टरों की बढ़ती जरूरत को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद करेंगे। इन आठ विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ ही एक फरवरी 2026 तक सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उसने चिकित्सा पंजीकरण अधिनियम, 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने संबंधी एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा जिन विश्वविद्यालयों को सूची में शामिल किया गया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड विश्वविद्यालय, आयरलैंड का यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया का यूनिवर्सिटी सैन्स मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन का त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय, ब्रिटेन का यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और ब्रिटेन का ही सिटी सेंट जॉर्ज़, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# समुद्र में कहां से आते हैं सीप कई जीव भी बनाते हैं कंकाल

सीप बस जीवों के कंकाल ही हैं। लेकिन इंसानों और अधिकतर दूसरे पशुओं से अलग, इन घोंघों, क्लैम, ऑयस्टर और मसेल्स में एक एक्सोस्केलेटन होता है, जिसका मतलब है कि यह उनके शरीर के बाहर होता है। जब सीपियों की बात होती है, तो उनका मतलब आमतौर पर घोंघों जैसे जीवों के बाहरी खोल यानी शेल से होता है। कई दूसरे समुद्री जीव भी कंकाल बनाते हैं, जिनमें सैंड डॉलर जैसे इकाइनोइड्स शामिल हैं जो अंदरूनी कंकाल बनाते हैं। ये समुद्री जीव अपने नरम शरीर को बाहरी खतरों, जैसे शिकारियों या उनके रहने की जगह में होने वाले बदलावों से बचाने के लिए अपने शेल खुद बनाते हैं। शेल इन समुद्री जीवों को समुद्र तल पर स्थिर रहने, बड़ा होने या ज़्यादा अच्छे से घूमने में भी मदद कर सकते हैं। इस बाहरी आवरण या शेल बनाने की प्रक्रिया को 'बायोमिनरलाइजेशन' कहते हैं। समुद्री जानवर शेल कैसे बनाते हैं, यह अलग–अलग प्रजातियों के हिसाब से अलग हो सकता है, लेकिन इन सभी जानवरों के शेल बनाने के लिए खास ऊतक होते हैं। अधिकतर समुद्री जीव अपने शेल कैल्शियम कार्बोनेट से बनाते हैं, जो एक मजबूत मिनरल है और लाइमस्टोन में भी पाया जाता है। कुछ स्पंज और सूक्ष्मजीव एक और पदार्थ सिलिका का इस्तेमाल करते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### ममता आएंगी दिल्ली, विपक्षी दलों से करेंगी मुलाकात



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी एसआईआर विरोध के चलते अगले हफ्ते दिल्ली जा सकती हैं। पार्टी और विधानसभा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। वे दिल्ली में विपक्षी नेताओं से मुलाकात करेंगी। इसके चलते राज्य का अंतरिम बजट भी टाल दिया गया है। अब इसे 5 फरवरी को पेश किया जाएगा। 294 सदस्यों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा का अंतरिम बजट सत्र पहले 31 जनवरी से शुरू होना था। अब इसे आधिकारिक तौर पर 3 फरवरी से शुरू करने का फैसला किया गया है। वोट ऑन अकाउंट बजट पहले 2 फरवरी को पेश होना था, जो अब 5 फरवरी को होगा। राज्य में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के मां-बाप गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्याकांड में मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी रात 10 बजे श्री मुक्तसर साहिब की पुलिस ने 2 साल पुराने मामले में की है। गैंगस्टर के माता-पिता अमृतसर में गोल्डन टेंपल के पास होटल में ठहरे हुए थे। गिरफ्तारी के बाद पिता शमशेर सिंह और माता पीरतपाल कौर को श्री मुक्तसर साहिब कोर्ट में पेश किया गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार सिंगला ने दोनों को 30 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों की पेशी का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, 2 साल पहले शिक्षक से 50 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई थी। उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। तीन दिसंबर 2024 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। मुक्तसर पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर के माता-पिता फिरौती की रकम से गुजारा कर रहे थे।

### उमा भारती भी आईं समर्थन में, कहा- सबूत मांगकर प्रशासन ने तोड़ी मर्यादा

# शंकराचार्य के समर्थन में मजिस्ट्रेट ने दिया इस्तीफा फलाहारी बाबा ने योगी को खून से लिखा लेटर

*शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच विवाद योगी सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। शंकराचार्य के अपमान से नाराज बरेली सिटी मजिस्ट्रेट ने जहां इस्तीफा दे दिया है, वहीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने सीएम योगी को खून से लेटर लिखा है। इधर, भाजपा की फायरब्रांड नेता उमा भारती ने अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य से सबूत मांगकर प्रशासन ने मर्यादा तोड़ी है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माघ मेला प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बीच 10 दिन चल रहा टकराव न्याय पालिका और ब्यूरोक्रेसी तक पहुंच गया है। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने गणतंत्र दिवस पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की वजह शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों की पिटाई और यूजीसी का नया कानून बताई है। उन्होंने 5 पेज का एक लेटर भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा- 'प्रयागराज माघ मेले के दौरान शंकराचार्य के शिष्यों की चोटी पकड़ी गई।' उन्होंने लिखा- ऐसी घटना किसी भी साधारण ब्राह्मण को अंदर से हिला देती है। ऐसा लगता है कि प्रशासन और मौजूदा सरकार ब्राह्मणों और साधु-संतों के खिलाफ काम कर रही है। उनकी इज्जत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ब्राह्मणों की बात करने वाला कोई नहीं है। इधर, अग्निहोत्री को शासन ने सस्पेंड कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, अब तक इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। इधर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने सीएम योगी को खून से लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद को सम्मान के साथ गंगा स्नान कराने की व्यवस्था की जाए। अफसरों को माफी मांगने के लिए आदेश दिए जाएं।




### इधर, योगी के सपोर्ट में भी अफसर का इस्तीफा

अयोध्या में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने योगी के समर्थन में इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ने सीएम के लिए जो अपशब्द बोले, उससे वे आहत हैं। अब और अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते।

### सरकार को परिणाम का अनुमान लगा लेना चाहिए : शंकराचार्य

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने नगर मजिस्ट्रेट के इस्तीफे पर कहा- शंकराचार्य का जो सम्मान है, वह सनातन प्रेमियों के हृदय में बहुत गहरा बना हुआ है। उसको आहत करने का क्या परिणाम होगा, इस बात का अनुमान इसी घटना से लगाना चाहिए। बता दें मौनी अमावस्या के दिन माघ मेला प्रशासन ने शंकराचार्य को पालकी के साथ घाट जाने से रोक दिया था। विवाद बढ़ने पर बटुकों की बाल खींचकर पिटाई की गई है। इसके बाद से शंकराचार्य धरने पर हैं।

### सीएम योगी प्रशासन पर करें काबू : भारती



इस बीच मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार (27 जनवरी) को कहा कि किसी के शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रशासन और कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण रखने की नसीहत देते हुए भारती ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस विवाद का कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा।

### शंकराचार्य के अपमान पर ममता को किन्नर अखाड़ा ने निकाला



अभिनेत्री से साध्वी बनीं ममता कुलकर्णी उर्फ यमाई ममता गिरि को किन्नर अखाड़े से बाहर कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद की गई है। इस फैसले की जानकारी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने दी। आचार्य महामंडलेश्वर ने बटुकों की शिखा खींचने पर भी नाराजगी जाहिर की। ममता ने कहा था, केवल चार वेद कंठस्थ कर लेने से कोई शंकराचार्य नहीं बन जाता है, उनमें काफी अहंकार है और आत्मज्ञान शून्य है।

# 'वेंस की वजह से नहीं हो पाई भारत-अमेरिका ट्रेड डील'

### भारत-ईयू डील के बीच अमेरिकी सांसद की ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज़ ने भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के रुकने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार पीटर नवारो को ज़िम्मेदार ठहराया है। क्रूज की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक हुई है। यह सीक्रेट रिकॉर्डिंग अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस को मिली हैं। रिकॉर्डिंग में क्रूज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भी कभी-कभी डील में देरी के लिए जिम्मेदार बताया है। ये बातचीत 2025 के मध्य में दानदाताओं के साथ निजी बैठकों के दौरान की गई थी। रिकॉर्डिंग में क्रूज कहते हैं कि भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर व्हाइट हाउस के भीतर विरोध रहा। जब दानदाताओं ने पूछा कि डील में सबसे ज्यादा अड़चन कौन डाल रहा है, तो क्रूज ने व्हाइट हाउस के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और कभी-कभी ट्रम्प का नाम लिया।

### ट्रम्प को दी थी चेतावनी

रिकॉर्डिंग में क्रूज ने कहा कि अप्रैल 2025 में लागू किए गए ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। क्रूज के मुताबिक, टैरिफ लागू होने के बाद उन्होंने और कुछ अन्य सीनेटरों ने ट्रम्प से देर रात तक चली फोन कॉल में फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा, लेकिन बातचीत ठीक नहीं रही। क्रूज ने दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति को चेताया था कि अगर नवंबर 2026 तक किराना सामान की कीमतें 10 से 20% बढ़ गईं, तो रिपब्लिकन पार्टी को चुनावों में भारी नुकसान होगा।

### राष्ट्रपति ने देखा नृत्य...



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने नई दिल्ली में मंगलवार, को गणतंत्र दिवस परेड 2026 में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलंटियर्स, आदिवासी मेहमानों और झांकी कलाकारों के साथ बातचीत के दौरान एक डांस परफॉर्मेंस देखा।

### प.बंगाल में दो गोदामों में आग, 8 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में सोमवार सुबह दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

### बांग्लादेश : हिंदुओं के हत्यारों को नहीं मिलेगी कोई सजा?

**ढाका।** बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने जुलाई-अगस्त के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई भी आरोप तय होने से रोकने के लिए एक अध्यादेश जारी किया है, जबकि शेख हसीना और उनके साथियों के खिलाफ अलग-अलग अदालतों में मामले चल रहे हैं, इस अध्यादेश का मतलब है कि कई पुलिसकर्मियों, हिंदू अल्पसंख्यकों और राजनीतिक विरोधियों की हत्याओं के लिए किसी को भी सजा नहीं मिलेगी। बांग्लादेशी न्यूज एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिम सरकार ने जुलाई विद्रोह (सुरक्षा और जिम्मेदारी निर्धारण) अध्यादेश, 2026 जारी किया है, जो जुलाई विद्रोह में भाग लेने वाले लोगों को इम्यूनिटी देता है। यूएनबी ने बताया कि कानून मंत्रालय द्वारा रविवार रात को एक गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया। 'इस अध्यादेश से विद्रोह से जुड़े सभी मौजूदा सिविल और क्रिमिनल केस वापस ले लिए जाएंगे और इसमें हिस्सा लेने वालों के खिलाफ कोई भी नया केस दर्ज नहीं किया जा सकेगा।' इससे पुलिसकर्मियों, हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के हत्यारों को कोई सजा नहीं मिलेगी। और वो बच जाएंगे। इन हत्यारों में इस्लामिस्ट और कट्टरपंथियों के शामिल होने की भी संभावना है, जिनके प्रति मुहम्मद यूनुस सरकार ने नरम रुख अपनाया है। इस तरह के मुआवजे को बांग्लादेश के मौजूदा संविधान से कोई समर्थन नहीं मिलेगा और इसे कानूनी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

■ यूनुस सरकार ने प्रदर्शनकारियों को दी कानूनी सुरक्षा

# 'महाकाल के सामने सब बराबर कोई भी वीआईपी नहीं होता'

एजेंसी ▶▶| उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के गर्भगृह में वीआईपी प्रवेश को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को साफ कहा कि महाकाल के सामने कोई वीआईपी नहीं होता और गर्भगृह में कौन जाएगा, यह फैसला मंदिर प्रशासन को ही करना है, अदालत इसमें दखल नहीं देगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वे अपनी मांग मंदिर प्रशासन के सामने रखें। कोर्ट ने कहा कि महाकाल के सामने सब बराबर हैं, कोई विशेष दर्जा वाला नहीं होता। गर्भगृह में प्रवेश का नियम तय करने का अधिकार मंदिर कमेटी और जिला प्रशासन के पास है, अदालत इसमें क्यों हस्तक्षेप करे?



याचिकाकर्ता का आरोप- याचिकाकर्ता का आरोप था कि गर्भगृह में वीआईपी और प्रभावशाली लोगों को नियम तोड़कर अंदर जाने की अनुमति दी जाती है। उनका कहना था कि यह नियम संविधान के समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का उल्लंघन करता है।

### कोरोना काल से बंद है गर्भगृह में दर्शन

महाकाल मंदिर में कोरोना काल के बाद से गर्भगृह में आम दर्शन बंद हैं। श्रद्धालु बाहरी क्षेत्र से ही भगवान महाकाल के दर्शन कर पाते हैं। हालांकि कई बार वीआईपी नेता और प्रभावशाली व्यक्तियों को विशेष अनुमति से गर्भगृह में प्रवेश की खबरें सामने आती रही हैं, जिससे आम भक्तों में नाराजगी बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब याचिकाकर्ता को मंदिर प्रशासन से बातचीत करनी होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों के आंतरिक नियमों और प्रबंधन में अदालत का हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए। इस फैसले से मंदिर प्रशासन पर दबाव बढ़ सकता है कि वह नियमों को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लागू करे।

**इंदौर बेंच ने भी खारिज कर दी थी याचिका :** इससे पहले अगस्त 2025 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने भी इसी तरह की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि गर्भगृह में प्रवेश का फैसला उज्जैन के जिला कलेक्टर और महाकाल मंदिर प्रशासक को ही करना है, अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।





# गौरवशाली अतीत का वैभव गांव ठंढार

गांव की कहानी

डा. पीसी लाल यादव

गंडई - राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर गंडई से 3 कि मी दूरी पर दक्षिण पूर्व दिशा में गांव ठंढार स्थित है। यहां के तत्कालीन जमींदार व दीवान की जमीनें यहां आज भी मौजूद हैं। गांव के दक्षिण दिशा में तालाब के किनारे विराजमान भव्य विशाल नंदी के पास ही पुरुष व नारी की प्रस्तर प्रतिमा है, जिसे स्थानीय लोग लमना - लमनीन कहते हैं। प्राचीन मूर्तियों में यहां का गौरवशाली अतीत छुपा हुआ है। इसी स्थान से आधा कि मी दूरी पर बेलगांव के निकट भंवरपाट व भैंसासुर नामक स्थान



है। यहां भी प्राचीन मूर्तियों के वास्तु खंड बिखरे पड़े हैं। यहां पर एक छोटी किन्तु अति महत्वपूर्ण चतुर्भुजी त्रिमूर्ति देव प्रतिमा पीपल वृक्ष की छाया में स्थापित है। इस देव प्रतिमा के नीचे भाग में दाएं बाएं बैठी हुई नारी की प्रतिमाएं हैं। इस स्थान पर खुदाई से मिट्टी के बर्तन, कौड़ी और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियां मिलती हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि पहले यहां कोई समृद्ध नगर या महत्वपूर्ण मंदिर रहा होगा। इस अंचल में नर्मदा नदी व कुंड यहां से 2 कि मी दूरी पर स्थित है।



लोक नाट्य

डा. मंजू शर्मा

## प्रेरणास्पद लोक नाट्य -गांधी अऊ गंगा के देश गांव में



आधमतरी जिलांतर्गत छाती ग्राम निवासी डा. महेंद्र कश्यप राही कृत छत्तीसगढ़ी नाटक -गांधी अऊ गंगा के देश गांव में नाटक में गीतों का संकलन भी है। यह नाटक चार दृश्यों में समाप्त होता है। इसमें देवार जाति के उपेक्षित जीवन का वर्णन है। लेखक ने घुमक्कड़ और निरीह जीवन बिताने वाली देवार जाति के माध्यम से नेताओं द्वारा किए जा रहे अत्याचार को प्रदर्शित किया है। इस नाटक में शराफत का नकाब पहने हुए नेताओं का पर्दाफाश किया गया है। नाटककार ने अशिक्षा और अंधविश्वास को हटाने का उद्देश्य रखते हुए ग्राम जागरण का दृश्य उपस्थित किया है। देश को ही सर्वस्व समझने वाला देश भक्त नायक नेता बन कर देश की चंद गद्दार शक्तियों को पराजित करता है। वह देश की नीलामी करने वालों का विरोधी है। वह गांधी और गंगा के देश में ग्राम के समक्ष किसी तरह का सौदा करना नहीं चाहता। लेखक ने धीरोदात्त नायक के सभी गुण इस नाटक के चरित्र में अंकित किए गए हैं। इस नाटक में अभिनियता गीतों की प्रचुरता और आंचलिकता उल्लेखनीय है।

ऐतिहासिक

किशोर कुमार अग्रवाल

## छत्तीसगढ़ में राजनीतिक जागरण काल



1858 में ब्रिटिश सम्राट की सत्ता स्थापित होने के बाद भारत में संवैधानिक ढांचे में परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया, जिसका परिणाम 1861 के इंडियन काउंसिल एक्ट में देखने को मिला। यह उल्लेखनीय तथ्य है कि छत्तीसगढ़ के लोगों में भी उसी समय राजनीतिक जागरण की अनुभूति हो रही थी। ब्रह्म समाज, आर्य समाज थियोसोफिकल सोसाइटी जैसी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने यहां पर राजनीतिक विकास की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। इस विकास का प्रमाण मिलता है 1889 के कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में इस अंचल के एक मात्र प्रतिनिधि रामचंद्र राव लाखे की उपस्थिति से। इसके पश्चात आने वाले कांग्रेस के अधिवेशनों में क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का बराबर विस्तार होता रहा। 1891 का राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ के राजनीतिक विकास की दृष्टि से इसलिए महत्वपूर्ण कहा जा सकता है कि मध्य प्रांत में यह होने वाला यह प्रथम राजनीतिक सम्मेलन था, जिसमें इस क्षेत्र के अनेक लोगों को आकर्षित कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया। बीसवीं सदी के प्रारंभ में कर्जन की साम्राज्यवादी नीति, आर्थिक राष्ट्रीयता का विकास और बहिष्कार आंदोलन से यह क्षेत्र अछूता नहीं रहा। 1900 में माधव राव सप्रे द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ मित्र को ऐसा समाचार पत्र कहा जा सकता है जो इस पिछड़े क्षेत्र में राजनीतिक चेतना का आरंभिक स्वर रहा हो।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

कला जगत

नंद किशोर तिवारी

# मीठे मीठे दर्द का अहसास बनाम ददरिया



छत्तीसगढ़ अंचल में ददरिया युवा मन की आशा आकांक्षा का गीत है। प्रेम में उपजी निराशा ददरिया का दर्द पक्ष है। यह दर्द यातना दायक होकर भी आनंद के भाव को जन्म देता है। ठीक वैसे ही जैसे अशोक वृक्ष में किसी काम दग्धा युवती के पद प्रहार से खूबसूरत लालिमा युक्त फूल खिल उठता है, ददरिया का दर्द भ कुछ इसी तरह आनंद की सृष्टि करता है। ददरिया द्वारा आनंद प्रदाता दर्द को महसूस के धरातल पर लाने के लिए कतिपय पारंपरिक ददरिया गीतों का सहारा लेना होगा। जैसे -

*नवा तरैया चरे ले अएंरी,*
*पीला पन के संगवारी बाढ़े म बइरी।*

क्या ददरिया का दर्द कोई स्थाई भाव बन पाता है? युवा मन का उन्मुक्त प्रेम मन को उल्लासित कर देता है। एक तरह से उपजा दर्द क्षण मात्र का होकर लबे समय के आनंद की रचना करता है। ददरिया के दर्द के उल्लास में बदलने की अनुभूति को ददरिया गीत में डूब कर ही जाना जा सकता है। ददरिया मानों बार बार कह रहा हो मीठा मीठा दर्द दे गया। इस दर्द की मिठास स्मृति बन कर मन को गुदगुदाती है। मीठे मीठे अहसास को जगा कर तन बदन को उल्लासित करती है।



परम्परा : डा. ज्योति किरण चंद्राकर

# आंचलिक वैवाहिक रस्म में डोला परछन



वैवाहिक रस्म में बारात जब वर वधु को लेकर वर के घर वापस आते हैं तो सीधे घर में न जाकर परिवार या रिश्तेदारों के घर में ठहराया जाता है। वर का पिता और डेढ़हा भी वहीं रुकते हैं। बाकी बाराती विवाह वाले घर में जाते हैं। सुबह सुवासिने गाजे बाजे के साथ वर वधु को परघाने जाती हैं। वर वधु को स्नान करा कर तैयार करके कुल देवी, कुल देवता, साहड़ा देवता की पूजा करा कर नारियल तुड़ाया जाता है। इसके पश्चात ही घर में प्रवेश कराया जाता है। द्वार पर सुवासिन पानी ओरझती हैं व सभी स्वागत करके वर वधु को आंगन में कुर्सी पर बिठाया जाता है। पहले समय में जब डोला घर के दरवाजे पर आती थी, तब मां डोली को ऊपर से मूसल से टोटका किया जाता था। वर्तमान में यह टोटका नहीं किया जाता। घर के अंदर वर वधु दोनों को बिठा कर ऊपर से चादर पकड़ कर छाया करते हैं और सात या नौ सुवासीनें वर वधु के चारों ओर परिक्रमा करते हैं व प्रत्येक परिक्रमा में चादर के ऊपर धान डालते हैं। इस रस्म को डोला परछन कहते हैं। अंचल के विभिन्न जातियों में यह रस्म थोड़ी बहुत अंतर के साथ निभाई जाती है।

पुरातात्विक

डा. टी. आर. रामटेके

## अंचल के गढ़ों में से एक कोणारगढ़

सातवाहन या वाकाटकों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में कोणारगढ़, अड़भारगढ़, कोटमी सुनारगढ़ सम्मिलित किया जा सकता है। सातवाहन काल का एक अभिलेख कोणारगढ़ से प्राप्त हुआ है, जो वहां के शासकीय स्कूल में सुरक्षित है। बिलासपुर संभाग मुख्यालय से 30 कि मी, जांजगीर जिला मुख्यालय से 38 कि मी तथा पामगढ़ तहसील मुख्यालय से 16 कि मी दूरी पर कोणारगढ़ स्थित है। यह स्थान बिलासपुर -रायगढ़ राजमार्ग से 3 कि मी दूरी पर है। यह एक वृत्ताकार आवटिक दुर्ग है, जिसकी 2 परिखाएं व 2 प्राकार वर्तमान में भी उपलब्ध हैं। इस गढ़ के समीप लीलागर नदी है, तथा गढ़ का क्षेत्रफल 2 लाख वर्ग मीटर है। गढ़ की वृत्ताकार खाई का क्षेत्रफल 52 एकड़ में विस्तृत है तथा खाई की चौड़ाई 50 मीटर है।




गढ़ के प्रथम परकोटा की ऊंचाई लगभग 25 मीटर तथा भूतल पर चौड़ाई 50 मीटर है। गढ़ का व्यास 500 मीटर है। वर्तमान में इस गढ़ के भीतर घना जंगल विद्यमान है।

मेला मड़ई : डा. नीलकंठ देवांगन

# अंचल में माघी पुन्नी का महत्व

**माघ पूर्णिमा अंचल के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। इस महीने में मघा नक्षत्र युक्त पूर्णिमा होने के कारण इसका नाम माघ पड़ा। इस दिन भगवान विष्णु और चंद्र देव की पूजा की जाती है।**


यह शुभ दिन माघ महीने की पूर्णिमा के दिन आती है। पवित्र नदियों में स्नान का बड़ा महत्व होता है। अंचल के शिवनाथ, खारुन, नर्मदा और महानदी, जोंक, अरपा और पैरी नदी के अलावा अन्य कई सहायक नदियों पर स्नान कर लोग पुण्य लाभ लेते हैं। राजिम के त्रिवेणी संगम, महादेव घाट रायपुर, शिवरीनारायण, बाणबरद मेला के अलावा तालाबों और कुंडों में भी स्नान ध्यान का महत्व इस दिन बताया जाता है। माघ पूर्णिमा के साथ ही कल्पवासी तीर्थ यात्रियों का महीने भर की तपस्या पूरी होती है। इस महीने शीतल जल के भीतर डुबकी लगाने वाले पाप मुक्त होकर स्वर्ग जाते हैं। ग्रामीण अंचल में आज भी माघी पुन्नी के दिन दूर दूर से



लोग अपने स्थानीय मान्यता के मड़ई मेले में जाकर स्नान - ध्यान के अलावा मनोरंजन का लाभ लेने में नहीं चूकते।

27- JAN- K&C- MAIN- Pg- 7 SODKU-H-PRADESH_Layout 1 1/27/2026 11:57 PM Page 1





# छत्तीसगढ़ के एक लाख से अधिक श्रमिक और छोटे व्यापारी आएंगे पेंशन कवरेज के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक असंगठित क्षेत्र के श्रमिक और छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन के दायरे में लाने की तैयारी है। यह काम केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के तहत किया जाएगा।

खास बात ये है कि इस संबंध में केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को आदेश भेजा है। अब मुख्य सचिव ने इस संबंध में राज्य के अधिकारियों को निर्देश भेजकर योजना के क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक लोग जुड़ेंगे

केंद्र सरकार ने इस योजना में शामिल करने के लिए एक लक्ष्य तय किया है इसके मुताबिक एक लाख से अधिक लोगों को इसमें शामिल किया जाना है। इशके लिए विशेष पंजीकरण अभियान पूरे राज्य में चलाया जाएगा।शहरों में 15 फरवरी तक गांवों में 15 मार्च कर अभियानकेंद्र के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में यह अभियान 15 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 16 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भारत सरकार द्वारा 1,00,450 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत पंचायत राज संस्थानों, नगरीय निकायों एवं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किया जाना है।

## पीएम श्रम योगी मानधान एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना, शहरों और गांवों में पंजीयन के लिए चलेगा अभियान



### श्रम सचिव नोडल अधिकारी नियुक्त

इस पंजीकरण अभियान के संचालन के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक राज्य स्तर पर सचिव, श्रम विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अभियान के समय समन्वय के लिए उत्तरदायी होंगे।

### यहां चलेगा पंजीकरण अभियान

पंजीकरण के लिए कैंप पंचायत राज संस्थानों (जिला परिषद, ब्लॉक पंचायत और ग्राम पंचायत) शहरी स्थानीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) कलेक्टोरेट, जिला परिषद, तहसील, बीडीओ कार्यालयों में सीएससी- वीएलइएसऔर स्थानीय शासन संस्थानों के सक्रिय सहयोग से जिलों,ब्लॉकों में आयोजित किए जाएंगे जहां असंगठित श्रमिकों की आबादी काफी ज़्यादा है। ये कैंप मौके पर ही एनरोलमेंट में मदद करेंगे और लाभार्थियों की कवरेज को काफी बढ़ाएंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को जमीनी स्तर तक ले जाना और असंगठित श्रमिकों को सोशल सिक्योरिटी के सुरक्षा नेट के तहत लाना है।

### कलेक्टर होंगे जिला नोडल अफसर

*अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर होंगे तथा कलेक्टर इस हेतु अपने अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन करने का निर्देश है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिला लक्ष्य को कलेक्टर, ब्लॉक, पंचायत,वार्ड स्तर तक विभाजित करेंगे। श्रम विभाग के अधिकारियों की कैंपों में उपस्थिति सुनिश्चित कर शिकायत निवारण की व्यवस्था की जाएगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में जिला कलेक्टर द्वारा राज्य के नोडल एवं भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी।*

**ये है मामला-** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री के विज़न के साथ मिलकर, योग्य लाभार्थियों को 100 प्रतिशत कवरेज देने और उन्हें पेंशन के सोशल सिक्योरिटी नेट के तहत लाने के लिए है। पेंशन कवरेज को और मजबूत करने के लिए, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 25 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया था। मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए, अब पीएम एसवायएम और एनपीस ट्रेडर्स योजनाओं के लिए पंचायती राज संस्थानों शहरी स्थानीय निकायों और कॉमन सर्विस सेंटर्स का इस्तेमाल करके योजना संचालित की जाएगी।

## 5 दिन कार्यप्रणाली लागू करने की मांग, बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल, ठप रही बैंकिंग सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

5 डे वर्किंग की मांग को लेकर मंगलवार को देशभर के सरकारी बैंकों के कर्मचारी अधिकारी देशव्यापी हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ के 2500 बैंक शाखाओं में 25 हजार बैंक कर्मचारी व अधिकारी काम ठप कर हड़ताल में शामिल हुए। ये कर्मचारी यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आव्हान पर देशभर में हड़ताल पर रहे। इसका असर देशभर की बैंकिंग सेवाओं में देखने को मिला। तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को देशभर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रदेशभर में 2500 बैंक की शाखाओं में हड़ताल रही। इसके चलते सरकारी बैंकों की शाखाओं में ताले लटके नजर आए। बैंक कर्मचारी व अधिकारी सप्ताह में 5 दिन कार्यप्रणाली लागू करने की मांग को लेकर देशव्यापी हड़ताल पर रहे। एकसूत्रीय मांग को लेकर बैंक कर्मचारी सड़क पर उतरे और हाथों में लंबित मांग की तख्तियां लेकर नारेबाजी करते दिखे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, इंडियन ओवरसिज बैंक सहित 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं इस दौरान प्रभावित रहीं।




- प्रदेश में 2500 बैंक की शाखाओं में ताले लटके, 25 हजार कर्मचारी, अधिकारी हड़ताल पर
- राजधानी में मोतीबाग चौक के सामने बैंक कर्मचारी, अधिकारियों ने की नारेबाजी

### तीन दिनों से अवकाश के कारण बैंक बंद चौथे दिन हड़ताल

विदित हो कि 24 जनवरी को माह का दूसरा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहा इसके बाद 25 जनवरी को रविवार था और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के चलते शासकीय अवकाश के कारण बैंक बंद था। इसके बाद मंगलवार को चौथे दिन भी बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल के चलते बैंकों मे कामकाज नहीं हुआ। इससे लोगों को परेशानी भी हुई। जिसमें ग्राहकों को नकद-लेनदेन, चेक क्लीयरेंस सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित रहना पड़ा।

### अब धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर हो सकता है विचार

# धान खरीदी अब तीन दिन शेष, साढ़े तीन लाख किसानों ने नहीं बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी खत्म होने में अब 3 दिन शेष हैं। 31 जनवरी तक किसानों से धान खरीदी की जाएगी, लेकिन दूसरी ओर अभी तक कई किसानों ने अपना धान नहीं बेचा है और तारीख आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस भी किसानों के धान को लेकर सियासत कर रही है और सरकार को घेरने की कवायद में लगी हुई है। 23 लाख 86 हजार किसानों से अब तक 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। पंजीकृत 27.43 लाख किसान हैं, इनमें से अभी साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों ने धान नहीं बेचा है।

दरअसल कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा, धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग हो रही है, कुछ जगहों पर टोकन नहीं कटा या खरीदी नहीं हुई है। उन्होंने आगे बताया कि कृषि विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा पत्र भेजा गया है और मैं भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करूंगा। किसानों के हित में निर्णय लिया जाएगा। कृषि मंत्री नेताम के बयानों से ये तो तय है कि सरकार किसानों के हित को देखते हुए धान खरीदी की तारीख बढ़ा सकती है।



### ओव्हर लोडिंग पर कार्रवाई

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में धान खरीदी केंद्रों से ओवरलोडिंग कर धान उठाने वाले राइस मिलर्स, ट्रांसपोर्टर, अफसरों, धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों पर मनमाने तरीके से कार्रवाई की जा रही है। मार्कफेड ने कंट्रोल सिस्टम का उपयोग कर प्रदेश के जिलों के धान खरीदी केंद्रों से परिवहन किए जाने वाले वाहनों की क्षमता से दो से छह गुना धान उठाने का खुलासा किया था। प्रदेशभर में इसके बाद जिला और पुलिस प्रशासन हरकत में आया, ताबड़तोड़ छापेमारी हुई। सौ से अधिक राइस मिल जांच के घेरे में आई थीं।

### धान री-साइकिलिंग का मामला सामने आया

प्रदेश में इस साल धान खरीदी में फर्जीवाड़ा न हो, अन्य राज्यों से धान प्रदेश में न आ सके, इसके लिए प्रदेश, जिला, विकासखंड और धान खरीदी केंद्रवार निगरानी समिति बनाई गई। राजस्व, मार्कफेड, सहकारिता, खाद्य और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों-कर्मचारियों का दल बनाया गया था। इसके बावजूद धान खरीदी केंद्रों में खेल हो गया। 22 करोड़ का 71 हजार क्विंटल धान, 795 अवसरों में 30 से 180 क्विंटल क्षमता वाले वाहनों में दो से छह गुना अधिक धान उठाने के मामले में सौ से अधिक राइस मिलर्स द्वारा भारी पैमाने पर धान की री-साइकिलिंग करने का मामला सामने आया है।

### आकलन के बाद लिया जाएगा फैसला- कश्यप

वहीं दूसरी ओर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कुछ दिन पहले कहा था कि आवश्यकता होगी तो तारीख बढ़ाई जाएगी, लेकिन फिलहाल ऐसी स्थिति दिखाई नहीं दे रही है। सहकारिता मंत्री के बयान से यह स्पष्ट है कि सरकार फिलहाल धान खरीदी की तारीख बढ़ाने पर कोई विचार नहीं कर रही है। 31 जनवरी को धान खरीदी का आकलन करने के बाद तारीख आगे बढ़ाने पर सरकार फैसला लेगी।

### अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई

वहीं, धान खरीदी कम होने के सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जो वास्तविक धान है वही खरीदी हो रही है। पहले बॉर्डर वाले जिलों से अवैध धान की खरीदी होती थी, लेकिन हमारी सरकार लगातार बिचौलियों पर कार्रवाई कर रही है और अवैध धान को जब्त कर रही है। बता दें कि प्रदेश में धान खरीदी के दौरान हजारों क्विंटल अवैध धान जब्त किए गए हैं और बिचौलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई है।

## तेलीबांधा चौक के पास बनेगा बहुमंजिला ट्रेड टॉवर निर्माण एजेंसी तय

**रायपुर।** तेलीबांधा चौक के पास नगर निगम 8 मंजिला टेक्नीकल ट्रेड टॉवर सेंटर का निर्माण कराएगा, जो कि को-वर्किंग स्पेस, ऑफिस, होटल और कारोबार के लिए उपयुक्त होगा। इससे रायपुर में आईटी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। वहीं नगर निगम को इससे अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलेगा। निगम की योजना शाखा ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर दी है। शासन से दर की स्वीकृति मिल गई है, अब निर्माण कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसी को जल्द वर्कआर्डर जारी किया जाएगा। राजधानी में हैदराबाद, मुंबई जैसी मेट्रो सिटीज की तर्ज पर सर्व सुविधायुक्त टेक्नीकल टॉवर का निर्माण किया जाएगा। 40 करोड़ की लागत से तेलीबांधा में कृष्णकुंज के पास 2 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण होगा। नगर उत्थान योजना में इस कार्य के लिए शासन ने स्वीकृति दी है। आधुनिक और सर्व सुविधायुक्त ट्रेड टॉवर बनने से जहां प्रदेश के युवाओं के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा मिलने लगेगी, वहीं मल्टीनेशनल कंपनियां इस कैंपस में कांफ्रेंस कर अपने प्लान को युवाओं के साथ साझा कर सकेंगी। ट्रेड टॉवर में मल्टीलेवल पार्किंग के लिए अलग से स्पेस सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा क्लब हाउस और होटल जैसी सुविधाएं होंगी। यही जगह रायपुर नगर निगम मल्टीनेशनल कंपनियों को बैठक के लिए उपलब्ध कराएगी। कुल मिलाकर एक ही कैंपस में सारी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना पर काम होगा। पूरा कैंपस सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-185-25-26, दि. 22-01-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता / सेटलमेंट / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीसीएन जांच यार्ड में पोर्टल लाइट, अंडर, गियर जांच लाइट और वेल्डिंग सुविधाएं प्रदान करके सामान्य प्रकाश व्यवस्था में वृद्धि करना और सेटेलाइट डिपो बिलासपुर में ट्रैक मशीनों के लिये मध्यवर्ती ओव्हरहालिंग / आवधिक ओव्हरहालिंग सुविधाएं प्रदान करना। निविदा मूल्य: 5,00,01,305.86 /–, अमानत राशि: ₹ 4,00,000.00 /–, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 04–02–2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 18–02–2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/645 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

*दोबारा संशोधित नियम के आधार पर पूरी हो रही प्रवेश प्रक्रिया, अब आवंटन*

# मेडिकल पीजी एडमिशन, पुराने 275 अभ्यर्थी नई काउंसिलिंग में नहीं हुए शामिल, 657 ने किया संस्था चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दोबारा संशोधित नियम के आधार पर राज्य में एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश शुरू हो गया है। संशोधित नियम के बाद पंजीकृत 657 लोगों को मेरिट सूची जारी की गई है। वहीं 275 ऐसे अभ्यर्थियों का लिस्ट सार्वजनिक किया गया है, जिन्होंने पूर्व में काउंसिलिंग के लिए अपना पंजीयन कराया, मगर नई प्रक्रिया में शामिल होने संस्था चयन नहीं किया है। नई मेरिट लिस्ट के आधार पर सीटों का आवंटन और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी।

- संशोधन के बाद नया पंजीयन, शासकीय कोटे में स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता

संशोधित नियम और एनएमसी द्वारा तय की गई तारीख के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी पहली बार प्रथम और द्वितीय राउंड की काउंसिलिंग एक साथ यानी संयुक्त रूप से करवा रही है। संशोधित नियम के आधार पर राज्य की शासकीय सीटों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें 657 लोगों ने पंजीयन के बाद संस्था चयन किया है। वहीं दूसरी सूची में 275 ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जिन्होंने पहले दौर में संशोधित नियम के दौरान अपना पंजीयन कराया था, मगर उनके द्वारा इस बार संस्था चयन और लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। सूत्रों का कहना कि वर्तमान काउंसिलिंग में तीसरे यानी मॉपअप राउंड में अपग्रेडेशन का मौका दिया गया है। माना जा रहा है कि पुराने 275 अभ्यर्थी उसी दौरान अपना भाग्य आजमाएंगे। काउंसिलिंग कमेटी ने पूर्व में शासकीय कोटे की सीट को 50-50 प्रतिशत संस्थागत और गैर संस्थागत कोटे में बांटकर दो राउंड की काउंसिलिंग करा दिया था। चिकित्सा संगठनों की आपत्ति और उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नियम संशोधन और नई काउंसिलिंग शुरू की गई है। इस बार शासकीय सीटों पर स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है।



### एम्स के अभ्यर्थी को स्टेट काउंसिलिंग से दूर रखने की डिमांड

*छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से एम्स के अभ्यर्थियों को शासकीय कोटे की सीटों पर प्रवेश नहीं देने की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने बताया कि एम्स राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के दायरे में नहीं आता है। वहीं यहां के अभ्यर्थी बांड ड्यूटी और 50 लाख के बांड के नियम से दूर रहते है और वहां के छात्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासी भी नहीं होते। स्थानीय छात्रों को प्रवेश बांड ड्यूटी के आधार पर दिया जाता है। संशोधित नियम में एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के अभ्यर्थियों को पात्र माना गया है।*

### जीरो परसेंटाइल पर मॉपअप

*एनएमसी द्वारा मॉपअप राउंड के दौरान खाली सीटों में एडमिशन आरक्षित वर्ग को जीरो परसेंटाइल आधार पर किए जाने का नियम है। उनके द्वारा सामान्य वर्ग के लोगों के लिए कटऑफ को 7 तथा पीडब्डलूबीडी के लिए 5 परसेंटाइल किया गया है। इस फैसले के खिलाफ भी कुछ चिकित्सक न्यायालय की शरण में गए हैं। उनके द्वारा तर्क दिया गया है कि प्रवेश के न्यूनतम अंक में इतनी छूट देना छात्र के साथ स्वास्थ्य हित में भी सही नहीं है।*

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6121



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6120 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6131

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# डस्टर की भारत में धमाकेदार वापसी, नए हाइब्रिड इंजन के साथ कई फीचर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई डस्टर की वापसी हो गई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट के शुरुआती दिनों की सबसे पॉपुलर गाड़ी भारतीय बाजार में नए अवतार में आ गई है। न्यू जेनरेशन रेनो डस्टर में कंपनी ने उम्मीद के मुताबिक जहां मॉडर्न लुक और डिजाइन दिए हैं, वहीं फीचर्स और टेक्नॉलजी के मामले में भी काफी अडवांस्ड रखा है। नया स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन इसमें सोने पर सुहागा की तरह है। बाकी इसमें एलईडी लाइट्स, स्पोर्टी बंपर, प्रीमियम इंटीरियर और कंफर्टेबल सीटें, बड़ी स्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा और एडास समेत काफी सारे सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स मिलेंगे। नई डस्टर की बुकिंग शुरू हो चुकी है और मार्च में इसकी डिलीवरी शुरू होगी।

### मजबूत और मस्कुलर

नई रेनो डस्टर का एक्सटीरियर बहुत मजबूत और मस्कुलर दिखता है। इसमें फुल एलईडी हेड लैंप्स, एलईडी टेल लैंप्स और एलईडी फॉग लैंप्स दिए गए हैं। रियर में एलईडी हॉरिजॉन्टल रियर लाइट बार भी है। 18 इंच के आउटबैक डायमंड कट अलॉय व्हील्स इसे और भी स्टाइलिश बनाते हैं। इसमें हिमालय से इंस्पायर्ड माउंटेन जेड ग्रीन एक्सटीरियर कलर ऑप्शन भी है। यह एसयूवी रेनो ग्रुप के मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर बनी है, जिसे खास तौर पर भारत के लिए बनाया गया है।




**फाइटर जेट-इंस्पायर्ड कॉकपिट** : नई रेनो डस्टर का इंटीरियर फाइटर जेट-इंस्पायर्ड कॉकपिट जैसा है। एलिवेटेड सेंटर कंसोल और ई-शिफ्टर इसे आधुनिक बनाते हैं। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले फंक्शन्स के लिए फिजिकल बटन दिए गए हैं, जो इस्तेमाल में आसान हैं। सीट अपहोल्स्ट्री, डैशबोर्ड और डोर इंसर्ट्स पर माउंटेन जेड लेदरेट और कार्बन एक्सेंट का इस्तेमाल किया गया है।

### टेक्नॉलजी, फीचर्स और सेफ्टी

नई रेनो डस्टर टेक्नॉलजी और सेफ्टी के मामले में भी सेगमेंट की बाकी गाड़ियों के मुकाबले अडवांस्ड दिखती है। इसमें 10.1 इंच का ओपनआर लिंक मल्टीमीडिया सिस्टम गूगल मैप्स, गूगल असिस्टेंट और गूगल प्ले के साथ आता है। 10.25 इंच की टीएफटी ड्राइवर डिस्प्ले पर मैप रेप्लिकेशन की सुविधा भी है। इसमें 17 अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम फीचर्स और हिल डिसेंट कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर्स भी दिए गए हैं।

### इलेक्ट्रिक पैनोरमिक सनरूफ

नई डस्टर में इलेक्ट्रिक पैनोरमिक सनरूफ, इलेक्ट्रिक पावर्ड टेलगेट, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक के साथ ऑटो-होल्ड फंक्शन, ऑटोमैटिक डुअल-जोन एसी, क्लीन एयर एक्यूआई डिस्प्ले, मल्टी-सेंस ड्राइव मोड्स के साथ 48 एंबिएंट लाइटिंग कस्टमाइजेशन, इलेक्ट्रिक फ्रंट सीट्स 6-वे एडजस्टमेंट, मैनुअल लंबर एडजस्टमेंट और वेंटिलेटेड फंक्शन, ऑटो हेडलैंप्स, रेन सेंसिंग वाइपर्स, रेनॉल्ट हैंड्सफ्री एक्सेस कार्ड के साथ पुश स्टार्ट, ऑटो-डिमिंग रियरव्यू मिरर जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

## खबर संक्षेप



### रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 प्रति डॉलर

**मुंबई।** रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए मंगलवार को 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के संपन्न होने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से घरेलू बाजार की धारणा को बढ़ावा दिया। हालांकि जिंस और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

### बढ़ती कीमतों से नकली सिगरेट कारोबार में वृद्धि



**भागलपुर।** बिहार का एक साधारण सा शहर मुंगेर, जिसने कभी एशिया में सिगरेट बनाने वाले अग्रणी स्थान के रूप में अपना नाम दर्ज कराया था, अब एक अलग ही पहचान से जूझ रहा है। सिगरेट की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच यह शहर अब नकली सिगरेट बनाने और बेचने के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुंगेर का भारत के सिगरेट उद्योग के साथ पुराना नाता है। तत्कालीन इंपीरियल टोबैको कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 1907 में यहां अपनी पहली और सबसे पुरानी फैक्टरी की स्थापना की थी।

### बिजली कंपनियों की रैंकिंग में टोरेंट पावर शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की नवीनतम एकीकृत रैंकिंग में टोरेंट पावर देश की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बिजली वितरण कंपनी के रूप में उभरी है। कंपनी ने कहा कि टोरेंट पावर की अहमदाबाद और सूरत स्थित लाइसेंस प्राप्त वितरण इकाइयों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए और सूची में पहले स्थान पर रहीं। निजी क्षेत्र की देश की प्रमुख एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर ने विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी 14वीं एकीकृत रेटिंग और रैंकिंग के तहत, देश की 65 सरकारी और निजी बिजली वितरण कंपनियों में शीर्ष पायदान हासिल किया है।

### टाटा टेक को अगला वित्त वर्ष मजबूत होने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक वातावरण अनिश्चित होने के बावजूद टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कुल वृद्धि के लिहाज से अगले वित्त वर्ष के बहुत मजबूत होने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और एमडी वारेन हैरिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाहन विनिर्माताओं के अपने निवेश को आगे बढ़ाने के फैसले से टाटा टेक्नोलॉजीज को लाभ होगा। कंपनी एक वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा फर्म है, जिसने पिछले साल जर्मनी स्थित ईएस-टेक समूह का अधिग्रहण किया था। हैरिस ने बताया कि अधिग्रहीत इकाई उसके समग्र वृद्धि पथ में योगदान देगी। उन्होंने कहा, विशेष रूप से ऑटोमोटिव व्यवसाय उत्पाद संचालित व्यवसाय है।

## भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 को किया संबोधित

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर देता है: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक निवेशकों को भारत के बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि यह क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है। मोदी ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि देश जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा 'शोधन' केंद्र बन जाएगा। 'भारत ऊर्जा सप्ताह' (आईईडब्ल्यू) 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने निवेशकों से शोधन (रिफाइनिंग), एलएनजी 'वैल्यू चेन' अवसंरचना, सिटी गैस वितरण तथा तेल एवं गैस अन्वेषण जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक तेल एवं गैस क्षेत्र में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करना है।

**देश जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा 'शोधन' केंद्र बन जाएगा**

### वैश्विक निवेशकों को भारत का हिस्सा बनने किया आमंत्रित

### ऊर्जा क्षेत्र में भारत शीर्ष पांच निर्यातकों में एक

मोदी ने कहा, '' ऊर्जा क्षेत्र हमारी आकांक्षाओं का केंद्र है। इसमें 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इसलिए, मेरी अपील है कि भारत में बनाओ, भारत में नवाचार करो, भारत के साथ विस्तार करो, भारत में निवेश करो। '' उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भारत शीर्ष पांच निर्यातकों में से एक है।



### अन्वेषण क्षेत्र में आई कमी

मोदी ने अन्वेषण क्षेत्र में किए गए कई सुधारों पर भी चर्चा की और बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा, '' आईईडब्ल्यू के पिछले संस्करण में जो भी सुझाव दिए गए थे उनके अनुरूप हमने अपने नियमों में बदलाव किए हैं। यदि आप अन्वेषण क्षेत्र में निवेश करते हैं, तो आपकी कंपनी की लाभप्रदता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।''

### 170 से अधिक ब्लॉक आवंटित

मोदी ने कहा, '' हम इस दशक के अंत तक अपने तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश को बढ़ाकर 100 अरब अमेरिकी डॉलर करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अन्वेषण के दायरे को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक विस्तारित करना भी है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यहां 170 से अधिक ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं।'' उन्होंने कहा कि अंडमान एवं निकोबार बेसिन भी देश की अगली हाइड्रोकार्बन उम्मीद के रूप में उभर रहा है।

### भारत की शोधन क्षमता बहुत अधिक

पीएम ने कहा कि भारत की एक और विशेषता ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को अत्यधिक लाभदायक बनाती है। इसकी शोधन क्षमता बहुत अधिक है। शोधन क्षमता के मामले में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जल्द ही हम पहले स्थान पर होंगे। आज भारत की शोधन क्षमता लगभग 26 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इसे बढ़ाकर 30 करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।'

### भारत में एलएनजी की मांग बढ़ रही

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में एलएनजी की मांग लगातार बढ़ रही है। भारत ने अपनी कुल ऊर्जा मांग का 15 प्रतिशत एलएनजी से पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, '' इसलिए, हमें संपूर्ण एलएनजी मूल्य श्रृंखला पर काम करने की आवश्यकता है। भारत परिवहन पर भी बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। हम एलएनजी परिवहन के लिए आवश्यक जहाजों का विनिर्माण यहीं भारत में कर रहे हैं।''

# सरकार का साल 2032 तक भारत में 3-नैनोमीटर चिप बनाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सूचना एवं प्रसारण मंत्री मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य 2032 तक आधुनिक स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 3-नैनोमीटर नोड के उच्च तकनीक वाले छोटे चिप बनाने का है। मंत्री ने कहा कि डिजाइन आधारित प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के दूसरे चरण के तहत सरकार चिप की छह श्रेणियों कंप्यूट, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ), नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इससे देश की कंपनियों को 70–75 प्रतिशत प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास पर प्रमुख नियंत्रण मिल सकेगा।डीएलआई योजना के तहत चयनित 24 चिप डिजाइन कंपनियों के साथ बैठक के बाद मंत्री ने कहा, 2032 तक हमारा लक्ष्य 3-नैनोमीटर चिप के डिजाइन और विनिर्माण के स्तर तक पहुंचना है। डिजाइन का काम तो हम आज भी कर रहे हैं, लेकिन विनिर्माण के स्तर पर 3-नैनोमीटर तक पहुंचना होगा।/" वैष्णव ने कहा कि सरकार छह प्रमुख प्रणालियों पर ध्यान देना चाहती है, ताकि देश के पूरे सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षेत्र समग्र और व्यापक रूप से विकसित किया जा सके। मंत्री ने कहा, कंप्यूट, आरएफ, नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी इन छह प्रमुख श्रेणियों में हम शिक्षा जगत और उद्योग को नए विचार, नई सोच और नए समाधान लेकर आने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

■ **स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होता है**

### 2029 तक बड़ी क्षमता विकसित हो जाएगी

जैसे-जैसे हम 2029 की ओर बढ़ेंगे, देश में ऐसे चिप के डिजाइन और विनिर्माण की बड़ी क्षमता विकसित हो जाएगी, जिनकी जरूरत हमारे देश में लगभग 70–75 प्रतिशत अनुप्रयोगों में होती है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र को इन छह प्रकार के चिप के किसी न किसी संयोजन की आवश्यकता होगी।

### ब्राजील की प्रमुख वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर से की साझेदारी

# अब भारत में विमान बनाएंगे अदाणी ब्राजील की कंपनी से मिलाया हाथ




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर ने एक रणनीतिक सहयोग की मंगलवार को घोषणा की। इसका मकसद भारत में एक क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना है जो देश की स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। यह साझेदारी छोटे व मझोले शहरों के लिए हवाई संपर्क को बेहतर बनाने में मदद करेगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और एम्ब्रेयर के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में भारत में क्षेत्रीय परिवहन विमानों पर रणनीतिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियां देश में क्षेत्रीय परिवहन विमानों के लिए एक 'फाइनल असेंबली लाइन' (एफएएल) भी स्थापित करेंगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि एम्ब्रेयर के साथ सहयोग से भारत में एक क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। एम्ब्रेयर 150 सीट तक के वाणिज्यिक विमान बनाती है। नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सहयोग केवल क्षेत्रीय विमानों के संयोजन तक ही सीमित नहीं है।

■ **भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक**

### भारत में निवेश का यह सही समय

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने देश की विनिर्माण एवं वृद्धि क्षमताओं को उल्लेख किया और कहा कि भारत में निवेश करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन विमानों की आवश्यकता पहले कभी इतनी प्रबल नहीं रही है। इससे कई समस्याओं का समाधान खोजने में मदद मिलेगा।

# सरकार बजट में लौह अयस्क पर प्रोत्साहन दे : वेदांता




**नई दिल्ली।** वेदांता की लौह अयस्क खनन शाखा सेसा गोवा ने सरकार से निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क के संवर्धन के लिए प्रोत्साहन देने का आग्रह किया है। कंपनी ने जोर देकर कहा कि प्रसंस्करण को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने और इस क्षेत्र का विस्तार करने के लिए लक्षित नीतिगत समर्थन और बुनियादी ढांचे में निवेश महत्वपूर्ण है। लौह अयस्क संवर्धन वह प्रक्रिया है, जो सिलिका, एल्युमिना और फास्फोरस जैसी अशुद्धियों को दूर करके निम्न-गुणवत्ता वाले अयस्कों में लोहे की मात्रा को बढ़ाती है, जिससे वे इस्पात उत्पादन के लिए उपयुक्त हो जाते हैं। भारत में इस्पात की मांग 2030 तक 30 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। इसलिए संवर्धन के जरिये निम्न-श्रेणी के भंडार का उपयोग घरेलू आपूर्ति सुरक्षा को बढ़ावा दे सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है और सरकारी राजस्व में अरबों रुपये की वृद्धि कर सकता है।

# सरल कर ढांचा बनाने की जरूरत, बचत को मिले प्रोत्साहनः सिन्हा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम बजट पेश किये जाने से पहले पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा है कि पुरानी और नई कर व्यवस्था को मिलाकर एक सरल कर ढांचा बनाया जाना चाहिए और स्लैब तीन से ज्यादा नहीं होने चाहिए। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था में



जरूरी वृद्धि के लिए निवेश आवश्यक है। ऐसे में निवेश के प्रमुख स्रोत घरेलू बचत को बढ़ावा देने के उपाए करने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2026-27 का बजट एक फरवरी को लोकसभा में पेश करेंगी। बजट को लेकर उम्मीदों के बारे में सिन्हा ने बातचीत में कहा, ''बजट में दो बातें महत्वपूर्ण हैं...सरकार कितना घाटा बजट में उठएगी और कर का क्या होगा।

# अनुमानों से अधिक रहती है वास्तविक आर्थिक वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर अक्सर आर्थिक समीक्षा में लगाए गए अनुमानों से अधिक रहती है। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है, जबकि बजट-पूर्व इस दस्तावेज में इसके 6.3-6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही थी, जबकि समीक्षा का अनुमान 6-6.8 प्रतिशत था। हालांकि, 2024-25 में आर्थिक वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही, जो समीक्षा में दिए गए 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप थी। विश्लेषण से संकेत मिलता है कि 2022-23 में वृद्धि का लक्ष्य चूक गया था।

■ **वित्त वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद**

**कार्यालय अधिष्ठाता स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)**

(दूरभाष क्र. 07762-220742 वेबसाईट- www.gmcraigarh.edu.in ई-मेल gmcraigarh.2013@gmail.com)

क्रमांक / शा.चि.म. / स्था./2026/1072 रायगढ़, दिनांक 27.01.2026

**// विज्ञापन-सूचना //**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सों के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु दिनॉक 29.01.2026 से दिनॉक 31.01.2026 तक श्वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जावेगा। चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सकों की विभागवार रिक्तियों की जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in पर एवं महाविद्यालय की वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in पर चिकित्सा शिक्षक एवं रेसीडेंट चिकित्सकों की विभागवार रिक्तियाँ, संविदा वेतन तथा नियम एवं शर्तो की जानकारी उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252606288/2

**कार्यालय परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़**

इन्द्रावती भवन, सी ब्लॉक, तृतीय मंजिल, नवा रायपुर
दूरभाश-0771-2582088, 2582799 E-Mail ID - atc.cg@nic.in

**सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**

कार्यालय परिवहन आयुक्त में परिवहन आरक्षक के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से आनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर के वबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है:-

| स.क्र | सेवा/पद का नाम | कुल पदों की संख्या | वेतनमान (छ.ग. शासन द्वारा लागू सांतवा वेतनमान) | लेवल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन आरक्षक | 50 | 19500-62000 | 4 |

टीप:-
1. विज्ञापित पदों की विस्तृत विज्ञापन, आनलाईन आवेदन, परीक्षा की तिथि, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, निर्देश, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, समय एवं केन्द्र, पदों का आरक्षण एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।
2. रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन/बदलाव किया जा सकता है।
3. लिखित परीक्षा की तिथि व्यापम द्वारा पृथक से जारी की जाएगी।
4. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।

परिवहन आयुक्त
सह-नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी, छत्तीसगढ़

जी. 252606291/2

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - दुर्ग, (छ.ग.)**

कमांक / एन.एच.एम. / एच. आर. /2026/275 -:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::- दुर्ग, दिनांक 21/1/2026

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला-दुर्ग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु स्वीकृत आरओपी के संबंध में Comminissioner Cum Mission Director National Health Mission Nawa Raipur, Chhattisgarh के पत्र कमांक / NHM/Proj-4107/6/2025-Section(NHM)/ 2251 Date 15-09-2025 के अनुसार नवीन स्वीकृत पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है जिसके लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट एवं त्रुटिरहित ऑनलाईन आवेदन दिनांक 21.01.2026 से 04.02.2026 तक सायं 5.30 बजे तक वेबसाइट www.durg.gov.in पर कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत अथवा अन्य माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। जिला स्तरीय रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है -

भाग - 'अ'
श्रेणीवार रिक्त पद

| क्र. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में) | रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | | अ.पि.व. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | दिव्यांग | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मु | म | मु | म | मु | म | मु | म | | |
| 1 | Staff Nurse | PICU/ HDU | 16000.00 | 27 | 12 | 5 | 3 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | BSC Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing council |
| 2 | Staff Nurse | LMU | 16000.00 | 02 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | BSC Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing council |
| 3 | Community Health Officer | NHM | 16500.00 | 18 | 8 | 3 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। & Live Registration in Chhattisgarh Nursing council अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी. एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। & Live Registration in Chhattisgarh Nursing council |
| | Total Post | | | 47 | 21 | 8 | 6 | 1 | 5 | 0 | 4 | 0 | 2 | |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी दुर्ग जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in में देखी जा सकती है। आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा।

जी 252606278/2 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय :- नगर पंचायत बिल्हा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

फोन नं.-07752-259219 ई मेल-cmobilha@gmail.com
क्रमांक / 1252/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 बिल्हा, दिनांक 27/01/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि : 11.02.2026 समय 4:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि : 12.02.2026 समय 3:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 18.02.2026 समय 4:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि : 18.02.2026 समय 4:30 बजे से

| क्र. | कार्य विवरण | पार्षद निधि | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि टी.डी.आर में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 3 सीटर स्टील बेंच प्रदाय | पार्षद निधि | 5.75 लाख | 4500/- | 750/- | 01 माह |

नियम एवं शर्तें :- 01 निविदा पत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है। 02 निविदा संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय / दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिल्हा

## शादियों के लिए सोने में कम कैरेट और चांदी में कम वजन के जरूरी जेवर ही खरीद रहे ग्राहक

# पायल, बिछिया, झुमके भी आम आदमी के हाथ से फिसले, सराफा का कारोबार भी 80 फीसदी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सोने और चांदी के बढ़ते दामों के कारण आम आदमी से अब पायल, बिछिया और झुमके दूर हो गए हैं। लोगों ने खरीदारी से तौबा कर ली है। इसके कारण सराफा कारोबार लगभग 80 फीसदी चौपट हो गया है। अब तो कारोबारियों के लिए खर्च निकलना मुश्किल हो रहा है। छोटे कारोबारी बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। यही स्थिति रही, तो कारोबार बंद करने की नौबात आ सकती है। इधर जिनको शादी के लिए जरूरत है, उन ग्राहकों ने कम वजन और कम कैरेट की तरफ रुख किया है। जहां सोने के कम कैरेट के जेवर बिक रहे हैं, वहीं चांदी में कम ग्राम की पायल, बिछिया बिक रही है। सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अब तो इसकी कीमत एक लाख 63 हजार हो गई है। इसी के साथ चांदी के दाम तीन लाख 35 हजार हो गए हैं।

### चांदी 40 हजार महंगी

मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 7,300 रुपए यानी 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1,66,000 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। चांदी 40,500 रुपए यानी 12.3 प्रतिशत की भारी छलांग लगाकर 3,70,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 3,29,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### अब आम खरीदारी बंद

सराफा कारोबारियों का कहना है कि पहले जब सोने और चांदी के दाम कम रहते थे तो आम ग्राहकों की खरीदारी रोज होती थी। जिनके पास भी कुछ बचत होती थी वो छोटे सोने और चांदी के जेवर ले लेते थे। कोई पांच हजार की खरीदारी कर लेता तो कोई 25 हजार की भी खरीदारी कर लेता था। यह आम बात थी, लेकिन अब इस तरह की खरीदारी पूरी तरह से बंद हो गई है। अब महज जरूरत की खरीदारी ही हो रही है।

### अब सिर्फ जरूरत की खरीदारी

सोने और चांदी के दाम बढ़ने से कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। अब तो ग्राहक शादियों के लिए जरूरत की ही खरीदारी कर रहे हैं और वह भी लाइटवेट जेवरों की। चांदी में भी बहुत कम ग्राम की पायल, बिछिया ही बिक रही है।

- **प्रकाश गोलछा,** महासचिव छत्तीसगढ़ सराफा

### कम ग्राम की खरीदारी

*शादियों के लिए जो ग्राहक अपने बजट में पहले 5 से 10 तोले के सोने के जेवर लेते थे, उनकी खरीदारी अब दो से तीन तोले पर आ गई है। एक-दो तोले की खरीदारी करने वाले खरीदारी ही नहीं कर पा रहे हैं। जिनके पास 50 हजार से एक लाख का बजट है, उनको तो एक तोले के जेवर भी नहीं मिल सकते हैं। ऐसे में ग्राहक अब कम कैरेट वाले जेवरों की तरफ जा रहे हैं। चांदी के जेवर बेचने वालों ने तो बड़ी और मोटी 10 से 15 तोले की पायलों को बंद करके रख दिया है। इनकी खरीदारी नहीं हो रही है। अब बहुत पतली एक दो तोले की पायल ही बिक रही है। ऐसा ही अन्य जेवरों के साथ हो रहा है।*

### कम कैरेट का बढ़ा क्रेज

*छत्तीसगढ़ में 22 और 20 कैरेट सोने के जेवरों का ही चलन ज्यादा है। वैसे 18 कैरेट सोने के भी जेवर बनते हैं, लेकिन इसका उपयोग नग वाले जेवर बनाने के लिए किया जाता है। अब सोने की कीमत ज्यादा होने पर इसके दूसरे जेवर भी बनने लगे हैं। 18 कैरेट से नीचे वाले कैरेट 14 और 9 कैरेट के जेवर अब यहां चलन में आ गए हैं। पहले इसकी डिमांड कम थी, लेकिन जैसे-जैसे सोने की कीमत बढ़ रही है, कम कैरेट वाले जेवरों की डिमांड बढ़ रही है।*

# 30 जनवरी को धान खरीदी की तिथि बढ़ाने को लेकर चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला, ब्लाक, मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से मनरेगा बचाओ आंदोलन को और अधिक प्रभावी, सशक्त एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश तय किये गए तथा मनरेगा बचाओ संग्राम की आगामी रणनीति, कार्यक्रमों के समन्वय तथा संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही धान खरीदी की अव्यवस्था और किसानों की परेशानी पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। मनरेगा बचाओ समन्वयक उमेश पटेल के उपस्थिति में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश स्तर पर गठित समन्वय समिति की बैठक में तय किया गया कि प्रदेश में धान ख़रीदी को लेकर किसानों को हो रही परेशानी को लेकर तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर 30 जनवरी को प्रदेश, जिला और ब्लॉक में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस 31 जनवरी से 7 फरवरी तक सभी जिलों के कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे।

- 31 जनवरी से 7 फरवरी तक सभी जिला कलेक्टोरेट में मनरेगा को लेकर प्रदर्शन

### उठाव नहीं होने से तौलाई की समस्या

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी रखी है, लेकिन 10 दिन पहले से ही टोकन जारी करना बंद कर दिया है, जिन किसानों को टोकन जारी हुआ है उनका धान भी नहीं खरीदा जा रहा है। हर संग्रहण केंद्र में उठाव नहीं होने से तौलाई की समस्या बनी हुई है। कई किसानों के तो एक बार भी टोकन नहीं कटे हैं, ऐसे में अब धान बेचने के लिए किसानों के पास महज 3 दिन ही बचे हैं और इस सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

### ये थे मौजूद

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री एवं मनरेगा बचओ समन्वयक उमेश पटेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिहं गैदू, सदस्य जेपी श्रीवास्तव, बीरेश ठाकुर, संदीप साहू, अमरजीत चावला, दीपक दुबे, भुनेश्वर बघेल, प्रमोद दुबे, विजय केशरवानी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, संजीव शुक्ला उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का ऐलान 31 मार्च तक

दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की अहम बैठक में शामिल होकर लौटे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन 31 मार्च तक हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई कार्यकारिणी में करीब 50 प्रतिशत नए चेहरे शामिल होंगे। जो कार्यकर्ता और पदाधिकारी काम करेंगे, वही संगठन में रहेंगे, जो काम नहीं करेगा उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कांग्रेस संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने 13 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ विस्तृत बैठक ली। बैठक में संगठन सृजन, नियुक्तियों, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी को लेकर चर्चा की गई।

### 31 मार्च तक बदलेगी पूरी तस्वीर

साथ ही बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम और एसआईआर को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। दीपक बैज ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में एसआईआर के नाम पर 400 से 500 फॉर्म बीजेपी नेताओं द्वारा जमा किए गए हैं। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि एसआईआर के दौरान विशेष वर्ग के लोगों के नाम काटे जाने की कोशिश की जा रही है, जिस पर गंभीर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि नई प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन के लिए समय-सीमा तय कर दी गई है। 31 मार्च तक नई कार्यकारिणी बनाने का स्पष्ट टास्क दिया गया है और एक महीने के भीतर इस पर प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश भी मिले हैं।

### संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता

**रायपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ। झंडा वंदन आयोजन में सभी कांग्रेस नेता पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और छत्तीसगढ़ के राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन किया गया। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। साथ ही गांधीजी के बताए रास्ते पर चलने का प्रण भी लिया।

## शिवराज सिंह का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



**रायपुर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, गजेंद्र यादव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं सत्कार विभाग के प्रदेश संयोजक आकाश विग उपस्थित रहे।

# थाने पहुंचा 'व्यापम', कहा- हमने नहीं निकाली शिक्षक भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षक भर्ती का फर्जी विज्ञापन वायरल, दर्ज कराई शिकायत




व्यावसायिक परीक्षा मंडल फर्जी विज्ञापन से हलाकान हो गया है। अंततः कानून की मदद लेते हुए संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मामला शिक्षक भर्ती का है। अज्ञात द्वारा शिक्षक भर्ती का विज्ञापन व्यापम के नाम से निकाला गया। यह विज्ञापन सोशल साइट्स पर तेजी से वायरल होने लगा। व्यापम के हेल्पलाइन नंबर पर भी इससे जुड़े फोन कॉल्स आने लगे। अभ्यर्थियों में बढ़ते भ्रम को देखते हुए व्यापम ने अंततः थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। व्यापम के परीक्षा नियंत्रक हिमांशु अग्रवाल ने यह शिकायत दर्ज कराई। अब राखी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलग-अलग संवर्ग में शिक्षक व सहायक शिक्षक पदों के लिए यह फर्जी विज्ञापन जारी हुआ था। फर्जी विज्ञापन में शिक्षकों के रिक्त 786 पदों का जिक्र है, जिन पर भर्ती की बात कही गई है। फर्जी विज्ञापन में लोक शिक्षण संचालनालय के फर्जी लेटर हेड से संयुक्त संचालकों को खत भी जारी किया गया है। इसमें प्रत्येक जिले में रिक्त शिक्षक पदों का जिक्र किया गया है।

### जारी होता है वार्षिक कैलेंडर

गौरतलब है कि व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं के लिए पृथक-पृथक अधिसूचना जारी किए जाने की प्रथा अब समाप्त कर दी गई है। व्यापम द्वारा वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाने लगा है। इसमें वर्षभर होने वाली भर्तियों का जिक्र होता है। ना केवल भर्ती परीक्षा बल्कि प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाने लगा है। व्यापम की सारी परीक्षाएं इसी अनुसार संचालित होती हैं। व्यापम द्वारा दो तिथियां आरक्षित भी रखी गई हैं, ताकि यदि कोई विभाग आकस्मिक रूप से भर्ती के लिए खत प्रेषित करे तो उक्त तिथि में परीक्षा ली जा सके। 2026 के लिए भी शैक्षणिक कैलेंडर बीते वर्ष जारी कर दिया गया था। व्यापम की वेबसाइट पर यह कैलेंडर उपलब्ध है।



UIDAI | Aadhaar | aadhaar_official | Aadhaar UIDAI | aadhaar_official

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कमिश्नरी व्यवस्था लागू...

नहीं, सरकार देगी। इस संबंध में आदेश जारी होने की सूचना है, लेकिन फिलहाल उसका ब्योरा नहीं मिल पाया है।

### नवा रायपुर को...

रायपुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री, मंत्रियों के आवास सहित विधानसभा, मंत्रालय, सचिवालय, विभागाध्यक्ष भवन से लेकर पुलिस मुख्यालय और कई अन्य विभागों के मुख्यालय हैं। यहां की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी रायपुर जिला ग्रामीण पुलिस के जिम्मे दी गई है।

### 18 साल का...

समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत और 27 देशों के समूह ने अगले पांच वर्षों के लिए एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा पेश किया। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता के समापन सहित कुल 13 समझौतों को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था 'भारी उथल-पुथल' का सामना कर रही है और ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ के बीच साझेदारी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता को मजबूत करेगी।

### अमित शाह 7...

समय बचा है। नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन तय होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां पर नक्सलवाद को लेकर रणनीति बनाने का काम करते हैं। केंद्र सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर है। इसका नतीजा भी दिख रहा है। जहां लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं, वहीं नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी पहली बार डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें यहां पर तीन दिनों तक जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार दिनों तक रहे थे। इस कांफ्रेंस के समाप्त होने 12 दिनों बाद ही अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन में आए थे। अब एक बार वे फिर से अगले माह आने वाले हैं।

### रायपुर में सुबह...

वे बस्तर जाएंगे और वहां पर पंडुम महोत्सव में शामिल होने के बाद वापस दिल्ली लौटेंगे।

### सत्र से पहले ...

के लिए सरकारी कामकाज का एजेंडा सामने नहीं रखे जाने पर आपत्ति जताई, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह उचित समय पर किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि विपक्षी सदस्य मतदाता सूचियों के एसआईआर, मनरेगा योजना की जगह लाए गए विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, भारत पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, विदेश नीति के मामले, वायु प्रदूषण, अर्थव्यवस्था की स्थिति, किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं।

### हर चर्चा बजट पर ...

कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जब धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा होगी तो कई मुद्दे हैं, जिस पर विपक्ष बोल सकता है। सरकार तो हमेशा उन्हें (विपक्ष) सुनने के लिए तैयार ही है लेकिन अगर विपक्ष हंगामा करके भाग जाता है या सदन चलने नहीं देता तो हमें बहुत तकलीफ होती है।

### 23.48 लाख किसानों ....

प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि धान विक्रय के 48 घंटे के भीतर राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जा रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो रहा है। त्वरित भुगतान से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और वे आगामी कृषि गतिविधियों की योजना सहजता से बना पा रहे हैं। आगामी तीन दिनों में लगभग 1.5 लाख और किसान धान विक्रय के लिए केंद्रों पर पहुंचने वाले हैं। इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। खरीदी केंद्रों पर व्यवस्था, तौल, परिवहन और भुगतान की पूरी प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अवधि में 70,000 से अधिक नए टोकन जारी किए जाने की संभावना है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 22,000 टोकन जारी किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को अपनी बारी के अनुसार व्यवस्थित ढंग से धान बेचने का अवसर मिल रहा है। टोकन व्यवस्था ने भीड़ प्रबंधन और समय की बचत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### आंदोलनकारी बोले-हड़ताल ...

मौत हो गई। वहीं बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के कुसुमकसा गांव की रसोइया रुक्मिणी सिन्हा की भी मौत हो गई। आंदोलन के दौरान दो रसोइयों की मौत के बाद यूनियन सदस्यों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने अब तक उनकी लंबे समय से लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है. आने वाले समय में वो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### रसोइया संघ का ...

पीड़ति थी। उन्हें भिलाई स्थित शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हुई। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि दोनों ही मामलों में संबंधित रसोईयों की मृत्यु का धरनास्थल अथवा हड़ताल से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

### करेंगुट्टा हिल्स में 6 ...

ऑपरेशन के लिए करेंगुट्टा हिल्स इलाके में निकली हुई थी। इसी दौरान एक के बाद एक छह धमाके हुए जिसकी चपेट में जवान आ गए। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक 25 जनवरी को कोबरा, बस्तर फाईटर्स व डीआरजी की संयुक्त टीम नक्सल ऑपरेशन में रवाना हुई थी। इसी दौरान करेंगुट्टा हिल्स में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए छह एक के बाद एक आईईडी ब्लास्ट हुआ, इसकी चपेट में आने से डीआरजी के 9 व कोबरा बटालियन के एसआई घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल 9 जवानों का रायपुर तथा एक जवान का दिल्ली में उपचार जारी है।

### कभी नक्सलियों का ...

बच्चों ने मिलकर किया ध्वज फहराया। इससे पूर्व नवीन स्थापित सुरक्षा कैम्प में स्कूली बच्चें एवं ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकालकर वंदे मातरम एवं जय हिंद के नारे लगाए। लंबे समय तक माओवादी उग्रवाद से प्रभावित रहे बीजापुर जिले के वे गांव जहां अब तक राष्ट्रीय पर्व मनाना भी संभव नहीं था। वहां इस वर्ष 26 जनवरी 2026 को पहली बार गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। यह अवसर क्षेत्र के इतिहास में लोकतांत्रिक पुनर्स्थापना का साक्षी बना।

### बस्तर रेंज के ...

स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि ये समारोह लोकतंत्र, विधि के शासन और सौहार्द की विजय का प्रतीक हैं। प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, विकास और गरिमा सुनिश्चित करने के प्रति बस्तर रेंज की पुलिस प्रतिबद्ध है।

HMS साईटिका तेल

शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** बुक पब्लिशिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग से संबंधित कार्य हेतु MS Office (Word, Excel, Power Point) में अनुभवी तथा सेल्स मैनेजमेंट हेतु अंग्रेजी में संवाद करने में सक्षम महिला कर्मचारी की आवश्यकता है अनुभव, रचनात्मक सोच एवं टीम वर्क की क्षमता रखने वाली इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र सम्पर्क करें- Astitva Prakashan, Near GGU, Koni, Bilaspur 7898160321, 8109883496 (39773)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन लड़का एवं सेल्स गर्ल लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 9827923507 (39772)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित शीघ्र सम्पर्क करें- शाह जेठालाल जादवजी ज्वेलर्स, सिम्स के पास, सदर बाजार बिलासपुर 91118 88556 (1486)

**आवश्यकता है-** विज्ञापन एजेन्सी में दो ग्राफिक डिजाइनर चाहिए जिन्हें कोरलड्रॉ, फोटोशॉप, सोशल मीडिया ऑपरेट करना आता हो। वेतन 5अंकों में+ अच्छा काम करने पर इंसेंटिव सम्पर्क करें- गोल बाजार बिलासपुर 91311 55033, 9827180896 (39775)

**आवश्यकता है-** दुकान कार्य हेतु लड़के एवं लॉज में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- विनय ऑटो गांधी चौक, किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (1866)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की रियल एस्टेट कंपनी में Office Executive की आवश्यकता है। योग्यता (1) किसी भी विषय में स्नातक (2) रीयल एस्टेट में अनुभवी को प्राथमिकता (3) अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, वेतन योग्य उम्मीदवार हेतु कोई सीमा नहीं। सम्पर्क- 9630023355 (1867)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट कम्पनी में कार्य करने हेतु युवक, युवतीयो,गृहिणीयों की तत्काल आवसकता है फ्रेशर एवं अनुभवी को प्राथमिकता शानदार इंसेंटिव सम्पर्क करें- 7987374690, 93026 52734 (39753)

**आवश्यकता है**
**आया बाई**
(हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
**काउन्टर स्टॉफ**
**आया बाई**
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

**आवश्यकता है-** इनवर्टर, बैटरी दुकान में काम करने हेतु लड़कों एवं इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है फ्रेशर भी सम्पर्क कर सकते हैं नूतन इनवर्टर देवकीनन्दन चौक तिलक नगर बिलासपुर 9826677626, 9827188163 (1869)

**आवश्यकता है-** सेल्स एसोसिएट– 4पद (पुरुष/महिला), ट्रेनी सेल्स एसोसिएट– 3पद, (पुरुष/महिला), पैंट्री हेल्पर– 1पद (महिला) बिलिंग डिपार्टमेंट- 1पद (पुरुष) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। पता- शैल वस्त्रालय मसानगंज बिलासपुर (39774)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है (1) कोनी और सरकण्डा हेतु ड्यूटी 8घण्टा वेतन 10000/- (2) सिरगिट्टी में ऑइल मिल हेतु ड्यूटी 12घंटे 11000/- सम्पर्क करें- एस.एस. सिक्युरिटी सर्विस बिलासपुर 79746 91463 (39766)

**आवश्यकता है-** सीनियर एकाउंटेंट, एकाउंट एग्जीक्यूटिव योग्यता संबंधित क्षेत्र में अनुभव व अकाउंटिंग का ज्ञान आवश्यक टेली, GST, TDS का ज्ञान वरीयता प्राप्त करेगा आवेदन हेतु रिज्यूम/ बायोडाटा व्हाट्सप्प करें- 7880148001, 78801 48004 (39751)

**आवश्यकता है-**नल, सेनेटरी पाइप फिटिंग दुकान में अनुभवी फील्ड सेल्समैन, अनुभवी सुपरवाइजर, दुकान में कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- गीता ट्रेडर्स रायपुर रोड तिफरा 9752317779, 91790 17779 (39763)

**आवश्यकता है-** बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइये पद- सिक्योरिटी गार्ड योग्यता-5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा- रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन - 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन- नया रायपुर,रायपुर, रायगढ़, आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 92019 58117, 9201958118 (6547)

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580 9827887934 (39770)

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु लड़कों, ड्राइवर एवं मैनेजर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर, 62602 73334, 9826601147 (39771)

**आवश्यकता है-** न्यू हाईकोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाले व्यक्ति की चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 9827175811 (3181)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है कार्य दवाई निकालना, पैकिंग, माल भेजने का कार्य। सम्पर्क करें– मेलाराम हेमन्त कुमार, शॉप नं.-54, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 79999 34599 (39769)

**आवश्यकता है-** Sopy India Services को 10 टेलीकॉलर की आवश्यकता है वेतन 10000 (पार्ट टाईम), 15000 (फुल टाईम) 10वीं पास लड़के लड़कियां चाहिए, उम्र 18 से 40वर्ष। आवेदन करें- 7558393950 (राहुल सर) (39767)

**आवश्यकता है-**(M/F) मैनेजर, एकाउंटेंट, सुपरवाइजर, सेल्समैन, हेल्पर (समय सुबह 10 से शाम 8) सैलरी 9000 से 25000 पता- Farmers Pride, नेचर सिटी गेट से 200 मीटर आगे सकरी रोड उसलापुर 91792 94949 (39761)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं बीएससी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9981970853 (39765)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-28, 10th, 12th पास जो आगरा में काम कर सके वेतन 12,000/- + कमीशन + बोनस रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे - इंटरव्यू परशुराम चौक चम्पा 9359941800, 92442 74370 (526)

**आवश्यकता है-** रंग पेंट दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज पेंट्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9827167987, 9300617113 (39762)

**आवश्यकता है-** व्यापार विहार स्थित वेलनेस सेन्टर एवं ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिए महिला कर्मचारीयों और एक पुरुष हेयर ड्रेसर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 63991 66000 (39756)

**आवश्यकता है-** प्यूनीफॉर्म टेक्स्टमार्ट में यूनिफॉर्म सिलाई हेतु अनुभवी दर्जी (टेलर) की आवश्यकता है। उचित मेहनताना, समय पर भुगतान। कार्य के लिए इच्छुक उम्मीदवार आज ही शीघ्र सम्पर्क करें- 8349714060, 8711887744, 8889990201 (39755)

**आवश्यकता है-** कपड़े, कास्मेटिक, ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शिमर एंड शाईन दिल्ली फास्ट फूड, रघुराज स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक बिलासपुर 8602460166 (39747)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हरीरामानी एण्ड सन्स मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9329292940 (39610)

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की /महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सैलरी 5000 +कमीशन बोनस से कमाएं 10000 से 15000/ पताः महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8982660324 (496)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10am से 7pm) सम्पर्क साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 (495)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है , जो शहर से बाहर रहकर काम कर सके,योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000+ कमीशन बोनस (रहना फ्री गाड़ी फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25-हजार ,मो.9982589693, 88155 22974 (1297)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (39669)

**आवश्यकता है-** ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेन्सी, मेहनती, नशा रहित ड्राइवर एवं ऑफिस, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्शन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (39717)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां, ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 8269203547 (39742)

**टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 9827163216 8462933820

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर वेतन 15000/- फील्ड अधिकारी वेतन 15000/- आवास मुफ्त, योग्यतानुसार वेतन सम्पर्क करें-अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019. (348)

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के आफिस के एकाउटेट की एवं सेल्समेन व ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे - जैन ट्रेडर्स नियर SBF ATM आकृति विहार अमलीडीड 9753674707, 0771-4075490 (6548)

**आवश्यकता है-** कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (6995)

**आवश्यकता है-** 10 से 5:30 ऑफिस में कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी 5,000+ कमीशन संपर्क करें:- 27 खोली बिलासपुर 7898428784, 80851 06943 (497)

**आवश्यकता है-**रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीरचांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, गार्ड, हेल्पर, कटरफिटर, कम्पयूटर ऑपरेटर ड्राइवर, चपरासी स्टोरकीपर, सुपरवाईजर 5वीं-ग्रेजुएट वेतन 11000 से 30000 रहना फ्री नया पता बस स्टैण्ड बिलासपुर 7898973405 (39659)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000 +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें- पताः आशीष डेंटल हॉस्पिटल के पास मंगला चौक 78059 32585 (500)

## बेचना है

**बेचना है-** रामा लाइफ कॉलोनी सकरी बिलासपुर में स्थित 40×80= 3200 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9630 990940 (1485)

**SALE -** Ground plus 2 floor Residencial property East facing Land area 1180 Sqft Builtup area 1850 Sqft approx Basic amenities, CCTV installed Location Geetanjali city, Bahtarai road, Bilaspur, Contact- 8103746501 (39750)

**बेचना है-** अमेरी रेलवे फाटक, सांई विहार B ब्लाक में 1130 वर्गफिट, डायवर्टेड, 2BHK हॉल, किचन, पोर्च सहित सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9893752972, 9893 433182 (39760)

**बेचना है-** प्लाट साइज 50x50= 2500 वर्गफीट, निर्माण-ग्राउण्ड फ्लोर 2200 वर्गफीट 3BHK, प्रथम फ्लोर 1000, कुल 3200 वर्गफीट, कीमत 90 लाख पता - उस्लापुर शा. हा. से. स्कूल के पास, कृपया दयाल संपर्क न करें मो. 9893913366, 9039032178 (39721)

**बेचना है-** गोकुल धाम उसलापुर बिलासपुर मे 25×40= 1000 वर्गफुट में बना हुआ सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित मकान अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 9340252857 (39758)

Medicare Specialists

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नही है, ये खुरापाती नीम हकीम आपको भ्रम में डालकर पागल बनाकर ही छोड़ेंगे सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500 96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

**बेचना है-** गोकुल धाम में 2BHK मकान एवं डायवर्टेड प्लाट गोकुल धाम, नारायणी होम्स एवं लोखण्डी में बेचना है रोड, नाली, पानी, बिजली सर्वसुविधायुक्त, बुकिंग प्रारंभ पता- राजपूत कन्ट्रक्शन बिलासपुर 8815964187, 9993864783 (39576)

**बेचना है-** जूना बिलासपुर मेन रोड में बालाजी सेल्स एवं रमेश थ्रेड के बीच में 215 वर्गफुट डबल स्टोरी स्वतंत्र दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- प्रिन्स नावेल्टी गोल बाजार बिलासपुर 9827168452, 93006 25174, 9827466134 (1872)

**बेचना है-**लोखण्डी मेन रोड से लगे हुए व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें- एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है-** विकसित T&C एप्रूव्ड आवासीय कॉलोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में स्वतंत्र 3BHK मकान 80 लाख में बेचना है, 1900/1350 प्लाट/ बिल्टअप एरिया। सम्पर्क करें- 9300635493 (39752)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## किराए से चाहिए

**किराए से चाहिए-**तिफरा, मोपका, आदर्श नगर (सिरगिट्टी रोड), कोनी, तोरवा, हेमू नगर में मेन रोड पर 600 वर्गफीट (20×30) की दुकान किराए पर चाहिए है। सम्पर्क करें- 8349054531, 78800 42169 (39637)

## किराये

**किराया -** सीपत रोड विजयापुरम में सर्व सुविधा युक्त 2BHK (2 कमरे एक हॉल किचन लेटबाथ सामने एव पीछे खाली जगह निसतार हेतु) स्वतंत्र मकान किराए पर देना सम्पर्क करें- 97700 60675, 9131845912 (39748)

**किराया-** उसलापुर गोकुलधाम नारायणी में 1 बीएचके का दो नया फ्लैट सर्वसुविधायुक्त किराए से देना है कार पार्किंग सुविधा के साथ बैचलर्स, फैमिली, मार्केटिंग वाले सभी व्यक्ति संपर्क करें- 6264485630 (498)

## फायनेंस

**फायनेंस-** विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि, महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्कः- 7587708423 (499)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम इंडिया के सामने अपने देश में खिताब जीतकर इतिहास लिखना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम खेलेगी।

पिछले संस्करण का खिताब भारत ने जीता था और ऐसे में आगामी संस्करण में टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी। अब तक किसी भी टीम ने अपने घर पर हुए टी-20 विश्व कप को नहीं जीता है और ऐसे में भारतीय टीम इतिहास बदलना चाहेगी। इस बीच भारतीय टीम, शेड्यूल, इतिहास और अन्य जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### इन खिलाड़ियों को मिला है टीम में मौका

टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। वह टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं। दूसरी तरफ तिलक वर्मा के फिट होने की संभावना है। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीमःसूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, और वॉशिंगटन सुंदर।

### कोई भी टीम अपने देश की धरती में नहीं जीत सकी टी-20 वर्ल्ड कप



### अमेरिका के खिलाफ पहला मैच 12 को

ग्रुप-ए ने मौजूद भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 7 फरवरी को यूएसए क्रिकेट टीम के खिलाफ मुंबई में खेलेगी। इसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ दिल्ली में मुकाबला होगा। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 15 फरवरी को आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में मैच खेला जाएगा। आखिर में भारतीय टीम अपना अंतिम लीग मैच नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 फरवरी को अहमदाबाद में खेलेगी।

### अभी तक 2 खिताब जीत चुकी है भारतीय टीम

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाया था। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में दूसरी बार विजेता बनी थी। इसके अलावा भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने नाम किया है। इनके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार विजेता बनी है।

### भारतीय टीम का विश्व कप में प्रदर्शन

क्रिकइंफो के मुताबिक, टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम ने सभी संस्करणों (2007-2024) में कुल 52 मैच खेले हैं, जिसमें से 35 में टीम जीती और 15 में हार झेली है। इसके अलावा 1 मैच बेनतीजा और 1 मैच टाई रहा है। भारतीय टीम का सर्वोच्च टीम स्कोर 218 रन रहा है और सबसे कम स्कोर 79 है। टी-20 विश्व कप में भारत फिलहाल सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम है।

---

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को हराकर सीरीज में की बराबरी

**कोलंबो।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। इंग्लिश टीम को पहले मैच में हार मिली थी। कोलंबो में हुए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 का स्कोर बनाया था। जवाब में इंग्लिश टीम ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। इस तरह से रोचक रहा मुकाबला श्रीलंकाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन तक अपने 3 अहम विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद कप्तान चरिथ असलंका (45), धनंजय डी सिल्वा (40) और पवन रत्नायके (29) ने अहम पारियां खेलते हुए टीम के स्कोर को 49.3 ओवर में 219 तक पहुंचाया।

### चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज विशाखापट्टनम स्टेडियम में शाम 7 बजे से

# मुकाबला आज : भारत अपनी जीत की लय बरकरार रखने और न्यूजीलैंड विजयरथ को रोकने बेकरार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आज बुधवार 28 जनवरी को खेला जाएगा। सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम जीत के क्रम को बरकरार रखना चाहेगी।

इसी तरह मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली कीवी टीम भारत का विजय रथ रोकने और सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में भारतीय टीम को जीत मिली है, जबकि 10 मैच कीवी टीम ने जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है। भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की, जबकि शेष 4 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं।



### ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। ऐसे में वह बड़ी पारी खेलकर वापसी करना चाहेंगे। इसी तरह अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार अपनी फॉर्म बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा पर होगी।

**संभावित एकादशः** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, और जसप्रीत बुमराह।

**इस संयोजन के साथ उतर सकती है कीवी टीम :** दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने निराश किया था और भारतीय बल्लेबाजों के सामने जमकर रन लुटाए थे। ऐसे में मेहमान टीम पिछली गलतियों से सबक लेते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। कीवी टीम अपने शीर्षक्रम से भी बड़ी पारियों की उम्मीद करेगी।

### टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की पहली भिड़ंत आयरलैंड से

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में कंगारू टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में आगामी संस्करण में मार्श के नेतृत्व में टीम दूसरा खिताब जीतना चाहेगी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरून ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।



पद्म पुरस्कार 2026

# विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित हरमनप्रीत समेत आठ को पद्म श्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इनमें उल्लेखनीय कार्य के लिए 5 हस्तियों को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण और 113 को पद्म श्री सम्मान दिया गया है। सूची में खेल जगत से पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत 8 को पद्म श्री मिला है।

### इन खेल हस्तियों को मिला पद्म श्री


इस साल पद्म श्री सम्मान हासिल करने वालों में पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया, देश में महिला हॉकी में क्रांति लाने वाले कोच बलदेव सिंह, भगवानदास रायकवार और मार्शल आर्ट स्टार के पजानिवेल शामिल है। इसी तरह पूर्व कुश्ती कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशविली को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया है।



होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा– 07752 –409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा– 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा–7024149881, 07752–412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा– 07752 –417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा– 7489027000, जसवानी होंडा– 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा– 7000405012, जांजगीर–चांपा: गट्टानी होंडा – 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा– 94790–25937, 99939–98122, कृष्णा होंडा– 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा – 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा – 9300473589, शांति ऑटो होंडा – 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा – 9131402454, 8649933333
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

# स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य की 16 वीं पुण्यतिथि पर खांडा खेड़ी में हुआ कार्यक्रम

**नारनौंद।** वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई गई। परिवार सहित अन्य लोगों ने समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भारत मित्र स्तंभ में सिंधु परिवार सहित सैकड़ों लोगों ने हवन में आहुति डाली। भजनों का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें इंडस स्कूल की छात्राओं ने वैदिक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया।





### पूरा परिवार बढ़ा रहा परंपरा को आगे : कैप्टन रूद्र सेन

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2010 में हमारे पूज्य पिताजी स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी और आज पूरा परिवार इसको आगे बढ़ाने में लगा है। इस क्षेत्र के जो छात्र 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करते हैं, उनको प्रमाण पत्र, मेडल और नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता हैं ताकि इसको देखकर अन्य छात्रों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हों। उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे छात्रों में शिक्षा के अलावा सामाजिक गुणों का पाठ पढ़ाने का भी काम करें। उन्हें साफ सफाई और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वीर सेन सिंधु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कैप्टन सत्यपाल, व्रतपाल सिंधु, देव सुमन, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, कुलबीर सुरजेवाला, सुभाष श्योराण, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, अजय सिंधु, पार्षद सुनील बैरागी, जिला पार्षद संजय खरब, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, रमेश सांगवान, अंग्रेजों समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## परम मित्र मानव निर्माण संस्थान ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित

### संकल्प लेकर कार्य करते थे चौधरी मित्रसेन : कैप्टन अभिमन्यु

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने जो कार्य शुरू किए थे उन्हीं कामों को एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर वैदिक रीति से हवन यज्ञ करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। इसी दिन विद्यार्थियों को को छात्रवृत्ति दी जाती हैं। कैप्टन रुद्रसेन के नेतृत्व में देश भर में नए गुरुकुलों का निर्माण और उनमें सहयोग किया जा रहा है। समाज के कार्यों में भी सहयोग देकर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। चौधरी मित्र सेन आर्य कुछ संकल्प लेकर कार्य करते रहे। उन्होंने जड़ों से जुड़कर सामाजिक सरोकारों को निभाने का काम किया और जड़ों से अलग कभी नहीं हुए। काम को छोड़कर हरियाणा के निर्माण के लिए हिंदी सत्याग्रह के दौरान चार महीने तक जेल में रहे थे, गोरक्षा आंदोलन के दौरान भी जेल गए। जब कारगिल का युद्ध हुआ था तो प्रत्येक बलिदानी के घर जाकर उनके स्वजनों को एक लाख रुपए की राशि देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि भारत माता का निर्माण करना उनके मन में संकल्प था। पूरे परिवार और संगठनों की सहायता से भारत मित्र स्तंभ बनाया गया जिसकी आज देश ही नहीं विदेशों में भी पहचान है। हरियाणा सरकार ने भी इसको पर्यटन चक्र में शामिल कर लिया है। इसमें पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिलती हैं। उसका शुभारंभ संघ संचालक मोहन भागवत के किया था। इसी के नाम पर भारत जानो प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है जिसमें करीब 10 हजार छात्रों ने हिस्सा लिया था।







### सम्मानित करने वालों का दायरा बढ़ाया : सुभाष श्योराण

इंडस शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने बताया कि कैप्टन रूद्र सेन ने घोषणा की है कि इस कार्यक्रम में अब तक प्रतिभावान छात्रों को ही सम्मानित किया जाता था। भविष्य में सांस्कृतिक, आर्ट, पेंटिंग और खेलों में मेडल जीतने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है।


### इन स्कूलों के छात्र हुए सम्मानित

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, होली फील्ड सीनियर स्कूल नारनौंद, न्यू आरईडी हाई स्कूल पेटवाड़, इंडस स्कूल मिर्चपुर, इंडस स्कूल जींद, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैबतपुर, एसबीएस स्कूल माढ़ा, भारती विद्या मंदिर, स्वामी विवेकानंद स्कूल खेड़ी चौपटा, बाबा श्रीराम स्कूल पेटवाड़, विकास आदर्श हाई स्कूल, एमडी हाई स्कूल पेटवाड़, न्यू आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघो, बाल ज्योति स्कूल बुडाना, परममित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी, बाबा उद्लदेव स्कूल मदन हेड़ी, होली एंजल मॉडल स्कूल गैबी नगर, पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघों, बीएमएस पब्लिक स्कूल बास के लगभग 350 छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत जानो प्रतियोगिता के करीब 30 छात्रों को सम्मानित किया गया।

## रोचक खबरें

### 42 लाख रुपए की मोटी सैलरी, फिर भी शख्स ने छोड़ दी जॉब

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में शिवम लखनपाल ने अपनी जिंदगी का वो सच बताया, जो आज के दौर के कई युवाओं को छू गया. शिवम ने कुछ महीने पहले 42 लाख सालाना पैकेज वाली कॉरपोरेट नौकरी छोड़ दी। शिवम कहते हैं कि इतनी बड़ी सैलरी के बावजूद वह अंदर से खुद को कमजोर और जरूरतमंद महसूस करते थे। ऑफिस की चमक-दमक थी, लेकिन दिल में सुकून नहीं था। शिवम ने बताया कि नौकरी के दौरान जब उन्होंने 18 लाख की कार खरीदी, तो पहली बार उसमें बैठकर भी उन्हें लगा कि वह इसके लायक नहीं हैं, उनके शब्दों में, 'मुझे नहीं लगा कि मैं इसे ड्राइव करने के लिए मर्दाना महसूस कर रहा हूं।' यही एहसास धीरे-धीरे उनके आत्मविश्वास को खोखला करता गया. पैसा था, पर खुशी गायब थी। नौकरी छोड़ने के बाद शिवम की जिंदगी ने नया मोड़ लिया. अब वही कार उन्हें बैटमोबाइल जैसी लगती है और उनके चेहरे पर सुकून साफ दिखता है। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके पहले और बाद के वीडियो देखकर बदलाव को महसूस किया. एक यूजर ने लिखा, 'तुम अब ज्यादा शांत और जिंदा लगते हो.' किसी ने कहा, 'ये असली हीलिंग है।..फ्री विल के साथ जीना।' आज जब हाई सैलरी, कॉरपोरेट जॉब और पैकेज को सफलता का पैमाना माना जाता है, शिवम की कहानी एक जरूरी सवाल उठाती है कि, क्या पैसा ही असली दौलत है।



### न फिल्म न पोस्टर, दिल्ली की इस फूड वैन में आज भी जिंदा हैं बाबू मोशाय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी में एक छोटे से फूड वैन 'दावत' ने बॉलीवुड के 'बाबू मोशाय' राजेश खन्ना की यादों को आज भी जिंदा रखा है। बस एक फैन की चाह और दिल में राजेश खन्ना के लिए मोहब्बत ने इस शहर के कोने में एक अनोखा रेस्टोरेंट शुरू कर दिया, जहां तस्वीरों, गानों और खास व्यंजनों के साथ उनके किस्से भी परोसे जाते हैं। दिल्ली में दावत के नाम से मशहूर यह फूड वैन असल में एक सच्ची दोस्ती और दीवानगी का नतीजा है। इसके मालिक विपिन कुमार ओबेरॉय राजेश खन्ना के बड़े फैन थे। उन्होंने बचपन में 'अराधना' फिल्म देखी थी और एक दिन राजेश खन्ना से मिलने की चाह ने उन्हें पूरी जिंदगी बदल दी। 1993 में यह छोटा सा फूड वैन जनपथ, दिल्ली में शुरू हुआ और खुद राजेश खन्ना ने इसका उद्घाटन किया था। बाद में यह चाणक्यपुरी के डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में शिफ्ट हो गया। राजेश खन्ना सिर्फ इस वैन का ब्रांड आइकॉन नहीं थे, बल्कि उन्होंने इसमें असल में दिल लगाया। उन्होंने 40 मेन्यू आइटम्स में से लगभग 25 डिशेज खुद चुनीं और अपने पसंदीदा व्यंजनों जैसे कीमा कोफ्ता यहां शामिल करवाएं।आज भी दावत हर 29 दिसंबर (खन्ना का जन्मदिन) और 18 जुलाई (उनकी पुण्यतिथि) पर खास इवेंट करता है। इन दिनों वहां मुफ्त खाना और दूसरी चीजें बांटी जाती हैं, जिससे फैन क्लब और लोग एक साथ मिलकर उनसे जुड़ी यादों को जश्न की तरह मानते हैं।




### रात 2 बजे तक जागने वाली 101 साल की दादी का फिटनेस फॉर्मूला वायरल

**बीजिंग।** जिस उम्र में लोग चलने से डरते हैं, उस उम्र में ये दादी टीवी देखती हैं, मीठा खाती हैं और मुस्कुराकर जिंदगी जीती हैं। चीन की 101 साल की जियांग युएकिन का लाइफस्टाइल अब पूरी दुनिया में चर्चा में है। अक्सर कहा जाता है कि लंबी उम्र के लिए जल्दी सोना, कम खाना और सख्त दिनचर्या जरूरी है, लेकिन चीन की 101 साल की जियांग युएकिन ने इन तमाम बातों को उलट कर रख दिया है। झेजियांग प्रांत के वेनझोउ शहर में रहने वाली जियांग युएकिन रात करीब 2 बजे तक जागती हैं, टीवी देखती हैं और सुबह 10 बजे के आसपास उठती हैं। इसके बावजूद उनकी सेहत देखकर लोग हैरान हैं। यिांग युएकिन सुबह उठकर ग्रीन टी पीती हैं और दिन आराम से बिताती हैं। वह शाम करीब 6 बजे डिनर कर लेती हैं। अगर बाद में भूख लगती है तो हल्का नाश्ता कर लेती हैं। उन्हें वेनझोउ की पारंपरिक मिठाई मातिसोंग बहुत पसंद है, जो सिंघाड़े से बनती है। इसके अलावा वह चिप्स, शकीमा और सूखे शकरकंद भी खा लेती हैं। खास बात ये है कि 101 साल की उम्र में भी उनके सारे दांत सुरक्षित हैं और उन्हें नकली दांतों की जरूरत नहीं पड़ी। जियांग युएकिन ने युवावस्था में नौकरी छोड़कर अपने सात बच्चों की परवरिश की। उन्होंने सादा, लेकिन संतुलित जिंदगी जी. परिवार के मुताबिक उनकी लंबी उम्र का सबसे बड़ा राज उनका शांत स्वभाव है। वह कभी गुस्सा नहीं करतीं, नफरत नहीं पालतीं और हर हाल में सुकून से जीना जानती हैं।



#### लंबी उम्र के नियमों को तोड़ती दादी

यह खबर इसलिए अहम है क्योंकि यह दिखाती है कि सेहत सिर्फ सख्त नियमों से नहीं, बल्कि मन की शांति से भी जुड़ी है। दुनिया भर में लोग अपनी सेहत को लेकर परेशान रहते हैं, ऐसे में जियांग युएकिन की कहानी हमें संतुलन और खुशी का महत्व सिखाती है। लंबी उम्र का कोई एक फार्मूला नहीं होता. अच्छा खाना, आराम, हल्की आदतें और सबसे जरूरी खुश रहना. शायद यही वजह है कि 101 साल की ये दादी आज भी दुनिया को मुस्कुराकर देख रही हैं।

# न ताले, न दुकानदार, फिर भी नहीं होती चोरी

## नागालैंड का ये गांव सिखाता है भरोसे की असली मिसाल

**कोहिमा।** नागालैंड का ये गांव बिना दुकानदार चलने वाली दुकानों और आपसी भरोसे के लिए जाना जाता है। यह भारत का पहला ग्रीन विलेज है, जो सस्टेनेबल जीवन की मिसाल पेश करता है। जहां एक तरफ बड़े शहरों में चोरी, अविश्वास और असुरक्षा आम बात हो चुकी है, वहीं नागालैंड का एक छोटा सा गांव ऐसी मिसाल पेश कर रहा है, जिसे जानकर लोग हैरान रह जाते हैं। यह गांव नाइटलाइफ़, शोर-शराबे या भीड़भाड़ के लिए नहीं, बल्कि आपसी भरोसे, सस्टेनेबल जीवन और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए जाना जाता है। हम बात कर रहे हैं नागालैंड के खोनोमा गांव की, जहां दुकानें बिना दुकानदार के चलती हैं।





हरी-भरी वादियों और साफ़-सुथरे माहौल से घिरा खोनोमा गांव नागालैंड की राजधानी कोहिमा के पास स्थित है। 1998 में खोनोमा नेचर कंज़र्वेशन एंड ट्रैगोपैन सैंक्चुअरी की स्थापना के बाद इसे भारत का पहला ग्रीन विलेज घोषित किया गया। करीब 20 वर्ग किलोमीटर में फैले इस गांव में अंगामी नागा जनजाति रहती है। 2011 की जनगणना के अनुसार यहां लगभग 1,900 लोग और 424 घर हैं। कभी शिकार पर निर्भर रहने वाले इस गांव ने 1998 में शिकार पर प्रतिबंध के बाद अपनी जीवनशैली पूरी तरह बदल ली।

### बिना दुकानदार के दुकानें, फिर भी ईमानदारी

खोनोमा की सबसे चौंकाने वाली बात है- यहां दुकानें बिना दुकानदार के चलती हैं। गांव में कई ऐसी दुकानें हैं जहां कोई बैठा नहीं होता। हर सामान पर कीमत लिखी होती है। अगर आपको कुछ चाहिए तो आप सामान उठाइए और पैसे वहीं रख दीजिए। यहां के लोग एक-दूसरे पर इतना भरोसा करते हैं कि चोरी का डर ही नहीं होता। इतना ही नहीं- गांव में लोग अपने घरों में ताले तक नहीं लगाते। यहां एक कम्युनिटी लाइब्रेरी भी है, जहां से कोई भी किताब ले सकता है और पढ़कर वापस रख सकता है।

### शहरी जीवन से बिल्कुल उलट सोच

मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों में बेहतर ज़िंदगी की तलाश में लोग प्रदूषण, ट्रैफिक और तनाव झेल रहे हैं। वहीं खोनोमा शांति, स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण है। यह गांव दिखाता है कि बेहतर जीवन ऊंची इमारतों में नहीं, बल्कि बेहतर सोच में होता है। खोनोमा भले ही छोटा गांव हो, लेकिन यहां घूमने के लिए बहुत कुछ है। प्राकृतिक नज़ारे, गाइडेड नेचर वॉक, ट्रेकिंग और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं। यहां का खोनोमा किला भी काफी प्रसिद्ध है, जहां 19वीं सदी में अंगामी नागा जनजाति ने अंग्रेज़ों के खिलाफ संघर्ष किया था। खोनोमा सिर्फ़ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है- जहां भरोसा, ईमानदारी और प्रकृति के साथ संतुलन में जीना सिखाया जाता है। यह गांव बड़े शहरों के लिए एक सजीव संदेश है कि सच्ची प्रगति सामाजिक मूल्यों से आती है।

# सहारा रेगिस्तान में मिले उल्कापिंड को देख वैज्ञानिक रह गए हैरान

एजेंसी ▶▶ लंदन

सहारा रेगिस्तान में कुछ ऐसा मिला है, जिसको देखकर वैज्ञानिक भी हैरान हो गए हैं। हारा रेगिस्तान में पहुंचे अली बेनामर को एक गहरे रंग का धातु जैसा टुकड़ा मिला है। बताया जा रहा है कि यह उल्कापिंड असामान्य रूप से बड़ा है। वैज्ञानिक अब इसके बारे में अध्ययन करने के लिए उत्सुक हैं। उल्कापिंड खोज में माहिर और दुनिया के प्रसिद्ध नामों में शामिल अली बेनामर ने एक अद्भुत खोज की है। उन्होंने अंतरिक्ष से आए टुकड़ों की खोज के सिलसिले में कई साल इन रेगिस्तानों में बिताए हैं। अपने अनुभव के कारण वह दुर्लभ नमूनों की पहचान तुरंत कर लेते हैं। हाल के दिनों मे ही उन्होंने एक असामान्य धातु सहारा रेगिस्तान में देखी. इस धातु का वजन और काली गहरी सतह ने उनका ध्यान इसकी ओर आकर्षित किया। ये उल्कापिंड सहारा रेगिस्तान के भीतरी हिस्से में खोजा गया था। जानकारी दें कि यह क्षेत्र उत्तरी अफ्रीका के कई देशों तक फैला हुआ है। बताया जाता है कि यहां कि शुष्क जलवायु अंतरिक्ष चट्टानों को हजारों सालों तक संरक्षित रखती है। खुले रेतीले भूभागों के कारण गहरे रंग के उल्कापिंड को खोजना भी आसान होता है। कई बार हवा के कटाव से दबे हुए टुकड़े प्राकृतिक रूप से उजागर हो जाते हैं। हालांकि, अभी इस उल्कापिंड को आधिकारिक रूप से वर्गीकृत नहीं किया गया है। इसका सटीक वजन, संरचना और उत्तपति अभी भी प्रयोगशाल में विश्लेषण के अधीन है। परिवहन और अनुसंधान संबंधी बाधाओं के कारण स्वतंत्र सत्यापनों में सालों लगने की संभावना है।

### जानिए कितनी दुर्लभ है ये धातु?

गौरतलब है कि लौह उल्कापिंड सबसे दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टानों में से एक है। ज्ञात उल्कापिंडों में से पांच प्रतिशत से भी कम लौह- आधारित है। बड़े लौह उल्कापिंड तो विश्व स्तर पर और भी दुर्लभ माने जाते हैं। चूंकि, धरती तक पहुंचने वाले अधिकांश उल्कापिंड पथरीले टुकड़े होते हैं। अच्छी तरह से संरक्षित लौह उल्कापिंड का मिलना अत्यंत मूल्यवान माना जाता है।

# पहाड़ों में जमकर बर्फबारी, कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में इन दिनों मौसम बदला हुआ है। मंगलवार को भी हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जम्मू कश्मीर में बारिश, बर्फबारी होती रही। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। कश्मीर में बर्फबारी के कारण मंगलवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे आने वाली और यहां से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने यहां बताया, बर्फबारी के कारण कुल 58 उड़ानें रद्द की गई हैं जिनमें 29 आने वाली और 29 जाने वाली उड़ान शामिल हैं। उड़ानों के रद्द होने से पर्यटक वहां फंसे हुए हैं।



### इधर, अमेरिका में बर्फीले तूफान से 30 की मौत


अमेरिका के बड़े हिस्से में सोमवार को आए भयंकर विंटर स्टॉर्म के प्रभावों ने देश को ठंड और बर्फबारी की चपेट में ला दिया है। नॉर्थ ईस्ट में भारी बर्फबारी के साथ-साथ दक्षिणी राज्यों में जमने वाली बारिश (फ्रीजिंग रेन) से उत्पन्न बर्फ की परत ने लाखों लोगों को बिजली के बिना ठंड से ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। विभिन्न राज्यों से मिली रिपोर्टों के अनुसार, इस तूफान से जुड़ी मौतों की संख्या कम से कम 30 तक पहुंच गई है। तूफान ने आर्कन्सास से न्यू इंग्लैंड तक लगभग 2,100 किलोमीटर के क्षेत्र को प्रभावित किया है, जहां कई जगहों पर एक फीट से अधिक गहरी बर्फ जम गई।

*हिमाचल में फंसे हैं सैलानी :* *हिमाचल में बर्फबारी के चलते फागू-कुफरी मार्ग को ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं नारकंडा, चौपाल के खिड़की व ठियोग-रोहड़ू मार्ग पर खड़ापत्थर में भी फिसलन से आवाजाही बाधित रही। हिमाचल, उत्तरांचल में फंसे सैलानियों को भी निकाला गया है।*










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :